Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 54 | सोमवार, 24 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

## 'विश्व की आधी आबादी लगा चुकी है डुबकी' सीएम योगी बोले
# सनातन धर्म के हर आयोजन की भव्यता के लिए सरकार संकल्पबद्ध

**महाकुंभनगर।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुंभ नगर में संतों से भेंट की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दशार्ता है।

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सनातन धर्म और महाकुंभ से जुड़े हर आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए उनकी सरकार संकल्पबद्ध है। सनातन धर्म से जुड़े किसी भी आयोजन के लिए हम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे, जिससे यह आयोजन सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सके। मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां जगदगुरु संतोषाचार्य जी महाराज ह्यसतुआ बाबाह्न से भेंट की। इसके बाद श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचकर शंकराचार्य शंकर विजयेंद्र सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया। ख्यमंत्री योगी ने कांची कामकोटि पीठ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस पीठ की परंपरा ने सनातन धर्म के जनजागरण व अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जब भी सनातन धर्म के सामने कोई संकट आया, कांची पीठ ने आगे बढ़कर उसका समाधान किया। उन्होंने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन हो या नेपाल संकट, इस पीठ ने सदैव धर्म की रक्षा के लिए प्रयास किए हैं। महाकुंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु संगम की त्रिवेणी में स्नान कर चुके हैं। आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ेगी। पूरी दुनिया में कोई ऐसा मत, मजहब या संप्रदाय नहीं, जहां निश्चित समय पर इतनी बड़ी संख्या में लोग अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए एकत्र होते हों। महाकुंभ सनातन धर्म की दिव्यता और विराटता का प्रतीक है। योगी ने कांची कामकोटि पीठ के शिविर में ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती को भावपूर्ण नमन किया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके आरती उतारी। शंकराचार्य शंकर विजयेंद्र सरस्वती ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की। कहा, सनातन ही विश्व की आदर्श संस्कृति है। महाकुंभ उसका जीवंत प्रमाण है। तीर्थराज प्रयाग में दुनियाभर के लोगों ने उसकी अनुभूति की है। शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री योगी की सराहना की कि प्रयागराज के प्राचीन नाम को दोबारा स्थापित किया। कहा कि प्रत्येक कुंभ राष्ट्र को दिशा देता है।



*शंकराचार्य शंकर विजयेंद्र सरस्वती ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की। कहा, सनातन ही विश्व की आदर्श संस्कृति है। महाकुंभ उसका जीवंत प्रमाण है। तीर्थराज प्रयाग में दुनियाभर के लोगों ने उसकी अनुभूति की है। महाकुंभ एकता का अद्वैत कुंभ है। रविवार सुबह प्रयागराज आए विजयेंद्र सरस्वती ने शिष्यों के साथ संगम स्नान किया। त्रिवेणी बांध स्थित शंकर विमान मंडपम् मंदिर आकर दर्शन-पूजन किया। शाम को वह त्रिची के लिए रवाना हो गए।*

## भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से दी पटखनी, कोहली ने खेली आतिशी पारी

**नई दिल्ली।**



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की पॉइंट्स टेबल में भारत टॉप पर पहुंच गई है। साथ ही इस जीत से भारत ने पाकिस्तान से 2017 का बदला भी ले लिया है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरी जीत हासिल की है। भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 5वां मुकाबला दुबई के स्टेडियम में खेला गया। जिसे भारतीय टीम ने 6 विकेट से जीता। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 49.4 ओवर में 241 रन बनाए। जिसके जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट पर 244 रन बनाए। इस जीत के साथ भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय हो गया है। वहीं पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया है। भारत के लिए विराट कोहली ने 111 गेंद पर नाबाद 100 रन बनाए। वहीं आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की पॉइंट्स टेबल में भारत टॉप पर पहुंच गई है। साथ ही इस जीत से भारत ने पाकिस्तान से 2017 का बदला भी ले लिया है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरी जीत हासिल की है। पाकिस्तान ने भी इस टूर्नामेंट में भारत से तीन मैच जीते हैं। वहीं मुकाबले की बात करें तो, पाकिस्तान टीम टॉस जीतने के बाद 49.4 ओवर में 241 पर ढेर हो गई। पाकिस्तान के लिए सऊद शकील ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 76 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 62 रन की पारी खेली। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 77 गेंदों में 46 रन बनाए, जिसमें चौके शामिल हैं। उन्होंने शकील के साथ तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की। बाबर आजम ने 25 गेंदों में 23 रन बटोरे। उन्होंने पांच चौके मारे। इमाम-उल हक 10 ने और सलमान आगा ने 19 रनों का योगदान दिया। वहीं सातवें नंबर पर खुशदिल शाह ने 39 गेंदों में 38 रन की पारी खेली।

> कप्तान रोहित शर्मा 15 गेंदों में 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## गुजरात में बीजेपी से लड़ने के लिए कांग्रेस भरेगी हुंकार

**नई दिल्ली।** अपने संगठनात्मक ढांचे के पुनर्निमाण के रोडमैप पर आगे बढ़ रही कांग्रेस पार्टी का अगला अधिवेशन गुजरात में करेगी। इसमें देश भर से पार्टी के नेता तथा एआईसीसी सदस्य शामिल होंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को अहमदाबाद में आठ और नौ अप्रैल को होने वाले इस दिवसीय अधिवेशन के कार्यक्रमों की घोषणा की। कांग्रेस के इस अधिवेशन में संगठन के मामलों पर चर्चा के साथ ही केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों पर भी हमला बोला जाएगा। केसी वेणुगोपाल ने इसका संकेत देते हुए कहा भी कि इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में देश भर के एआईसीसी प्रतिनिधि एकत्रित होकर भाजपा कह जनविरोधी नीतियों और संविधान तथा उसके मूल्यों पर लगातार किए जा रहे हमलों से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे।

## राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार जेलेंस्की, बोले- 'ये भी कर दूंगा अगर

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध पर बड़ा अपडेट सामने आया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने पद से इस्तीफा देने की बात कही है। जेलेंस्की ने कहा कि देश में शांति के लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं। जेलेंस्की ने कहा कि मैं इस्तीफा देने को तैयारी हूं लेकिन इसके बदले में यूक्रेन को उत्तरी अटलांटिक संधि गठबंधन (नाटो) की सदस्यता मिलनी चाहिए। कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के अध्यक्ष टिमोफी मायलोवानोव ने यूक्रेन में बीबीसी न्यूज के एक सवाल का जवाब देते हुए जेलेंस्की का एक वीडियो साझा किया। जेलेंस्की ने कहा कि उनका ध्यान आज यूक्रेन की सुरक्षा पर है और वे दशकों तक सत्ता में नहीं रहेंगे।

## पीएम मोदी ने किया कैंसर अस्पताल का शिलान्यास

**नई दिल्ली।**



जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'अभी मैंने यहां श्री बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान का भूमिपूजन किया है। ये संस्थान 10 एकड़ में बनेगा। पहले चरण में ही इसमें 100 बेड की सुविधा तैयार होगी।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के छतरपुर के गढ़ा गांव में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान शोध संस्थान की आधारशिला रखी। इस दौरान वहां मुख्यमंत्री मोहन यादव और धीरेंद्र शास्त्री भी मौजूद रहे। इसके बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। इससे पहले पीएम ने बागेश्वर धाम में बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की और सभी देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का भी केंद्र बनने जा रहा है। अभी मैंने यहां श्री बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान का भूमिपूजन किया है। ये संस्थान 10 एकड़ में बनेगा। पहले चरण में ही इसमें 100 बेड की सुविधा तैयार होगी। मैं इस पुनीत कार्य के लिए श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी का अभिनंदन करता हूं और बुंदेलखंड के लोगों को बहुत बहुत बधाई देता हूं।' पीएम मोदी ने कहा, 'आज कल हम देखते हैं कि नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है, लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती है।' उन्होंने कहा कि हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग, सदियों से किसी न किसी वेष में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए ये लोग हमारे मत, मान्यताओं और मंदिरों पर, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। पीएम ने कहा, 'ये लोग हमारे पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो धर्म, जो संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, उस पर ये किचड़ उछालने की हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना और उसको तोड़ना ही इनका एजेंडा है।' पीएम मोदी ने कहा, 'इस माहौल में मेरे छोटे भाई धीरेन्द्र शास्त्री जी काफी समय से देश में एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरूरत करते रहे हैं।

## कांग्रेस ने भाजपा पर लगाए अमेरिका से फर्जी खबरें फैलाने के आरोप

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) के अनुदान को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस ने रविवार को भाजपा पर अमेरिका से फर्जी खबरें फैलाकर राष्ट्र विरोधी कार्य करने का आरोप लगाया।

विपक्षी दल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को जवाब देना होगा कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क बार-बार भारत का अपमान कर रहे हैं।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया



**नई दिल्ली।**


बयान के अनुसार, नौसेना ने इस वर्ष अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाली 18 नौकाओं को जब्त किया है।

श्रीलंकाई अधिकारियों ने द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में रविवार को 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली उनकी पांच नौकाएं जब्त कर लीं। नौसेना ने यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान में कहा कि इन लोगों को मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में एक विशेष अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया, ह्यह्यमछली पकड़ने वाली पांच भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया गया और 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## बढ़ता तापमान किसानों की बढ़ाएगा परेशानी

**नई दिल्ली।** बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के कारण अगले पांच वर्षों में कृषि और आवास कर्ज के 30 प्रतिशत में चूक का जोखिम बढ़ सकता है। वैश्विक कंसल्टेंसी फर्म बीसीजी के एक विश्लेषण में यह आशंका जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, औसत वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर की तुलना में लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। इससे तटीय क्षेत्रों में बाढ़ आ रही है और कृषि उत्पादन घट रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का लगभग आधा कर्ज प्रकृति और उसके इकोसिस्टम पर काफी हद तक निर्भर है।

# पंजाबी अभिनेत्री सोनिया मान आम आदमी पार्टी में शामिल हुईं




**नई दिल्ली।**

पंजाबी अभिनेत्री और कीर्ति किसान यूनियन के नेता बलदेव सिंह की बेटी सोनिया मान आम आदमी पार्टी में शामिल हो गई हैं। आप ने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'पंजाबी अभिनेत्री व कीर्ति किसान यूनियन के नेता बलदेव सिंह जी की बेटी सोनिया मान ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।' पंजाबी अभिनेत्री और कीर्ति किसान यूनियन के नेता बलदेव सिंह की बेटी सोनिया मान आम आदमी पार्टी में शामिल हो गई हैं। सोनिया मान रविवार को पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में आप में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम की तस्वीरें आम आदमी पार्टी के 'एक्स' हैंडल पर शेयर की गई हैं। पंजाबी अभिनेत्री व कीर्ति किसान यूनियन के नेता स. बलदेव सिंह जी की बेटी सोनिया मान ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।'

## सेना आगामी वर्ष तक शरणार्थी शिविरों में बनी रहेगी: इजराइल के रक्षा मंत्री



**तेल अवीव।**

इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि उन्होंने सेना को निर्देश दिया है कि वह आगामी वर्ष तक वेस्ट बैंक के कुछ शहरी शरणार्थी शिविरों में बने रहने के लिए तैयार रहे। काट्ज ने कहा कि उत्तरी पश्चिमी तट के तीन शिविरों से लगभग 40,000 फलस्तीनी विस्थापित हो गए हैं और अब ये खाली हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सेना को शिविरों में ह्यह्यलंबे समय तक रहने के लिए तैयार रहना है और निवासियों को वापस लौटने की अनुमति नहीं देनी है। काट्ज ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब इजराइल फलस्तीनी क्षेत्र में आक्रमण तेज कर रहा है और गाजा युद्ध को रोकने वाला संघर्षव विराम अब भी कायम है। सेना ने रविवार को कहा कि वह वेस्ट बैंक के अन्य क्षेत्रों में भी छापेमारी तेज कर रही है और आतंकवादियों के गढ़ जेनिन में टैंक भेज रही है। संघर्ष विराम समझौते के दो दिन बाद 21 जनवरी को इजराइल ने उत्तरी वेस्ट बैंक पर आक्रमण शुरू किया था। इजराइल-हमास युद्ध के दौरान वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ गई है। बृहस्पतिवार देर रात इजराइल में तीन खाली बसों में विस्फोट हुए, जिसे पुलिस एक संदिग्ध आतंकवादी हमला मान रही है।

## 'पहले मर्सिडीज उपहार में देने पर मिलता था मंत्री पद'
## शिवसेना नेता नीलम गोरे ने उद्धव ठाकरे पर गंभीर आरोप



**मुंबई।**

दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के एक कार्यक्रम में शिवसेना नेता नीलम गोरे ने उद्धव ठाकरे पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि अविभाजित शिवसेना में पद मर्सिडीज कारों को उपहार में देने से मिलते थे।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (अविभाजित) को लेकर दिए गए उनके इस बयान से विवाद पैदा हो गया है। इस विवाद के बीच, शिवसेना (यूबीटी) कार्यकताओं ने रविवार को पुणे में गोरे के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने नीलम गोरे के दावे पर कहा है कि मुझे दिखाओ कि वे कारें कहां हैं। हमने उन्हें कई बार विधायक बनाया, उन्होंने कितनी बार मर्सिडीज दी। फिलहाल, मैं इस पर अधिक टिप्पणी नहीं करना चाहता। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने अखिल भारतीय मराठी साहित्य महामंडल से इस राजनतिक टिप्पणी के लिए स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि क्या यह आयोजन किसी राजनीतिक दबाव में आयोजित किया गया था।

## संपादक की कलम से

### एआई पर सावधानी

पेरिस में संपन्न एआई एक्शन समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व को स्वीकारते हुए सुरक्षा उपायों पर बल दिया गया। फ्रांस के तत्वावधान में आयोजित समिट राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सह–अध्यक्षता में संपन्न हुई। जो भारतीय प्रतिभाओं की वैश्विक साख को भी दशार्ता है। निश्चित रूप से यह समय एआई के क्षेत्र में भारत को अपनी प्राथमिकता तय करने का है। हालांकि, समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संवर्द्धन के रोडमैप पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में गहरे मतभेद भी उजागर हुए। मेजबान फ्रांस, भारत व प्रमुख हितधारक चीन समेत दुनिया के साठ देशों ने डिजिटल विभाजन को कम करने के लिये एआई पहुंच को बढ़ावा देने, इसे खुला, समावेशी, पारदर्शी, नैतिक, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के संकल्प लेते हुए एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए। वहीं अमेरिका और ब्रिटेन ने इस पर असहमति जतायी और हस्ताक्षर नहीं किए। ट्रंप जैसे तेवर अपनाते हुए



ललित शर्मा
संपादक

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने वैश्विक नेताओं व तकनीक उद्योग के अधिकारियों को चेताया कि अत्यधिक विनियमन से तेजी से बढ़ते एआई उद्योग की गति थम सकती है। जो बताता है कि अमेरिका एआई जोखिमों को कम करने के यूरोप के प्रयासों से खुश नहीं है। दरअसल, एक अधीर राष्ट्रपति के नेतृत्व में अमेरिका एआई की अपार संभावनाओं पर वर्चस्व चाहता है। उसे चीन की चुनौती भी स्वीकार नहीं है। हालांकि, इसी तर्ज पर भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई इस सदी में मानवता के लिये नया कोड लिख रही है। लेकिन साथ ही एआई को वैश्विक भलाई के लिये विकसित करने पर भी बल दिया। जिसका संदेश यह भी है कि इसका उपयोग देश विशेष अपने निजी हितों तक सीमित न रखे। यानी एआई नवाचार को बढ़ावा तो दिया जाना चाहिए, लेकिन इसके नियमन को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, बड़े पैमाने पर एआई के दुरुपयोग की आशंका के बीच विश्वास, सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिये एक वैश्विक ढांचा स्थापित करना अपरिहार्य ही है। दरअसल, यही वजह है कि यूरोपीय देशों ने इस दिशा में सतर्क रुख अपनाया है। ताकि जांच और संतुलन बनाने वाले कदमों से दुनिया में डीपफेक व भ्रामक प्रचार पर अंकुश लगाया जा सके। फलत: भविष्य में नियामक मानदंडों को आसान बनाने पर सहमति बनानी जरूरी है। इसके लिये पूरी तरह से दरवाजे खोलना किसी आपदा को आमंत्रण जैसा भी हो सकता है। पेरिस में एक्शन समिट ऐसे वक्त में हुई है जब एआई में अमेरिकी वर्चस्व को चीनी कंपनी डीपसीक जबर्दस्त चुनौती दे चुकी है। उसने कम लागत में बेहतर एआई टूल पेश करके बताया है कि इस दौड़ में चीन कहीं आगे निकल चुका है।

# दुनियां का सबसे बड़ा आध्यात्मिक धार्मिक सांस्कृतिक समागम प्रयागराज महाकुंभ 2025, वैश्विक शोध का विषय बना!

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ हैरानी से दंग रह गई है, कि ऐसा कैसा हो सकता है ? कि अनेकों देश की एकीकृत जनसंख्या के तुल्य करीब संभावित 70 करोड़ व्यक्ति 45 दिन के महाकुंभ 2025 में घाटों पर पवित्र डुबकी लगाकर स्नान कर धार्मिकता की पावन पवित्रता से सराबोर हो हैं। संभावना व्यक्ति की जा रही है कि डुबकी लगाने वालेश्रद्धालुओं की संख्या 70 करोड़ के पार हो सकती है, सबसे बड़ी बात यह सामने आई है कि यह डुबकी न केवल आध्यात्मिक आस्था से जुड़े लोग लग रहे हैं, बल्कि अनेक देशोंके प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के छात्र व प्रोफेसर इस संपूर्ण आयोजन का अलग-अलग एंगल से अलग-अलग क्षेत्रों के विषयों को लेकर शोध करने में जुटे हुए हैं। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ के दौरान, दुनिया और देश भर के 20 से अधिक प्रमुख शैक्षिक संस्थान महाकुंभ से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन करने के लिए यहां कैम्प लगाए हैं। हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, क्योटो यूनिवर्सिटी, ऐम्स , आईआईएम अहमदाबाद आईआईएम बेंगलुरू, आईआईटी कानपुर, आईआईटी मद्रास और जेएनयू जैसे प्रमुख संस्थान अपने प्रोफेसरों, शोधार्थियों और छात्रों को प्रयागराज भेजें हैं, जो रेखांकित करने वाली बात है। दूसरी ओर अति बड़े-बड़े आयोजनों में कुछ घटनाएं होने का भी अंदेशा बना रहता है, यानें व्यवस्थाओं में कुछ कमियां खामियाँ भी हो रही है, जैसे भगदड़ आग व दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में कुछ व्यक्तियों की जान भी गई, जो बड़े दुख की बात है, उसी कड़ी में हमारी राइस सिटी गोंदिया में, मेरे पड़ोसी व परम मित्र नारायण जी तिवारी भी अभी दो-चार दिन पूर्व प्रयागराज गए तो घाट के पास उनकी पत्नी को चक्कर आया उन्हें लगे हुए शिविरों के माध्यम से तुरंत मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई, कोईशिकायत नहीं है, परंतु कुदरत के जन्म मृत्यु के नियमवश उनका देहांत हो गया, यह दुखद घटना हो गई परंतु उनसे मैंनें इस विषय पर किसी संभावित अवस्था की बात की तो उन्होंने शासन प्रशासनव व्यवस्था की तारीफ की और वहां के शासन प्रशासन व्यवस्थापकों का पूरा सहयोग प्राप्त होने की बात कही, यह मृत्यु जीवन चक्र जिंदगी का एक हिस्सा है, उन्होंने व्यवस्थाओं शासन प्रशासन को क्लीन चिट दी चूँकि महाकुंभ मेले को देख पूरी दुनियाँ हैरान है, हार्वर्ड स्टैंनफोर्ड, आईआईएम, एम्स सहित करीब 20 संस्थान शोध कर रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियाँ का सबसे बड़ा आध्यात्मिक धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन प्रयागराज महाकुंभ 2025, वैश्विक शोध का विषय बना हुआ है।


26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ महाकुम्भ का समापन होगा, श्रद्धालुओं आंकड़ा 70 करोड़ पार होने की संभावना है।

साथियों बात अगर हम महाकुंभ 2025 के अनेक क्षेत्रों के कार्यों पर शोध की करें तो, दुनियाँ भर और देश भर के दो दर्जन से ज्यादा प्रमुख शिक्षण संस्थान महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में डेरा डाले हैं, ताकि दुनियाँ के सबसे बड़े धार्मिक समागम से जुड़े विभिन्न पहलुओं काअध्ययन किया जा सके। हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, क्योटो यूनिवर्सिटी, एम्स, आई आईएम अहमदाबाद आईआईएम बॉंगलोर, आईआईटी कानपुर, आईआईटी मद्रास और जेएनयू कुछ ऐसे प्रमुख संस्थान हैं जो प्रयागराज में रहने के लिए प्रोफेसर, रिसर्च स्कॉलर और छात्रों को भेजे हैं। इस बात की जानकारी मेला क्षेत्र में तैनात एक अधिकारी द्वारा मीडिया में दी गई है, उन्होंने कहा कि पहली बार हम आर्थिक प्रभाव, भीड़ प्रबंधन, सामाजिक-सांस्कृतिक अभिव्यक्ति खाद्य वितरण श्रृंखला, नृवंशविज्ञान खातों के माध्यम से मानवशास्त्रीय अध्ययन, मल प्रबंधन सहित अन्य क्षेत्रों पर संस्थान समर्थित अध्ययन करेंगे।सरकार द्वारा आठ अलग-अलग क्षेत्रों और विषयों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिन्हें शोधकताओं द्वारा कवर किया जा रहा हैं। सूत्रों ने कहा कि वैश्विक भागीदारी के लिए कार्यक्रम को खोलते हुए शहरी विकास विभाग ने विस्तृत अध्ययन करने का विचार पेश किया था। भोजन और पेयजल पर शोध करेगा हार्वर्ड- मानवशास्त्रीय अध्ययन और खाद्य वितरण श्रेणी में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रतिभागियों के लिए भोजन और पेयजल तथा शहरी अवसंरचना प्रबंधन पर, अहमदाबाद विश्वविद्यालय महाकुंभ का मानवशास्त्रीय अध्ययन और लखनऊ विश्वविद्यालय तीर्थ और पवित्र भूगोल पर अध्ययन करेगा। आईआईएम इंदौर पर्यटन, मीडिया की भूमिका और सोशल मीडिया प्रबंधन के सर्वोत्तम तरीकों पर, जेएनयू महाकुंभ के सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव और आर्थिक परिणामों पर और दिल्ली विश्वविद्यालय महाकुंभ के दार्शनिक और राष्ट्रीय एकता के पहलुओं पर शोध करेगा। प्रबंधन और योजना पर आईआईएम, स्वास्थ्य पर एम्स आईआईएम बैंगलोर और अहमदाबाद कुशल रणनीतिक प्रबंधन और योजना और शहरी अवसंरचना प्रबंधन पर तथा लखनऊ विश्वविद्यालय कार्यबल की रणनीतिक योजना और संचालन का विश्लेषण करेगा। स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन में एम्स आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया के लिए स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारी पर और सक्षम-निक्षय अभियान टीबी उन्मूलन अभियान के अवसरों और चुनौतियों




का मूल्यांकन करेगा। आइआइटी कानपुर डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग के तहत सोशल मीडिया की भूमिका पर शोध करेगा।पर्यावरण और शहरी अवसंरचना और परिवहन भी मुख्य हिस्सा बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन महाकुंभ के पर्यावरणीय दस्तावेजीकरण पर अध्ययन करेगा। आइआइटी मद्रास जल और अपशिष्ट प्रबंधन का आकलन करेगा तथा संस्कृति फाउंडेशन हैदराबाद पर्यावरण संरक्षण के प्रति तीर्थयात्रियों की संवेदनशीलता पर अध्ययन करेगा।आईआईटी मद्रास, बीएचयू और एमएनएनआइटी परिवहन और यातायात प्रबंधन की चुनौतियों का विश्लेषण करेंगे।वहीं स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय (बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के साथ) महाकुंभ के आर्थिक और सामाजिक प्रभाव का अध्ययन करेगा। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ अर्बन अफेयर्स महाकुंभ 2025 के आर्थिक प्रभाव का आकलन प्रभावी ढंग से करेगा।

साथियों बात अगर हम महाकुंभ मेले की करें तो महाकुंभ मेला क्या है? कुंभ मेला भारत भर में पवित्र नदियों के तट पर चार शहरों में हर तीन साल में आयोजित किया जाता है। इस चक्र में हर 12 साल में एक बार आयोजित होने वाले कुंभ मेले में उपसर्ग ह्यमहाह्ल (महान) होता है क्योंकि इसे अपने समय के कारण अधिक शुभ माना जाता है और इसमें सबसे बड़ी भीड़



गोंदिया

जुटती है। श्रद्धालु हिंदुओं का मानना ??है कि पवित्र नदियों में डुबकी लगाने से लोगों के पाप धुल जाते हैं और कुंभ मेले के दौरान इससे जीवन-मरण के चक्र से भी मुक्ति मिलती है।कैसे शुरू हुआ कुंभ मेला? कुंभ मेले की उत्पत्ति हिंदू ग्रंथ ऋग्वेद में हुई है और ह्यकुंभह्ल शब्द का तात्पर्य अमरता के अमृत से युक्त घड़े से है, जो ह्यसागर मंथनह्ल या ब्रह्मांडीय महासागर के मंथन नामक एक दिव्य घटना के दौरान प्रकट हुआ था। इस अमृत को पाने के लिए 12 दिव्य दिनों तक युद्ध चला, जो 12 मानव वर्षों के बराबर था।अमृत की बूंदें चार स्थानों झ्र प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन, पर गिरी, जो कुंभ के स्थल बन गए।

कुंभ में, विभिन्न हिंदू संप्रदायों या अखाड़ों से संबंधित भक्त भव्य जुलूसों में भाग लेते हैं और पवित्र नदी में डुबकी लगाकर ह्यशाही स्नानह्ल करते हैं। यह भव्य नजारा लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है, जो न केवल इस अनुष्ठान में भाग लेने के लिए आते हैं, बल्कि हजारों संतों और संन्यासियों को, जो प्रायः अपने पारंपरिक भगवा परिधान पहने होते हैं, लगभग शून्य तापमान में डुबकी लगाते हुए देखने के लिए श्रद्धा के साथ भी आते हैं।

साथियों बात अगर हम कुंभ के आयोजन की करें तो इसका आयोजन कैसे किया जा रहा है? इसके विशाल आकार को देखते हुए, महाकुंभ मेले का आयोजन अधिकारियों के लिए एक बहुत बड़ा काम है, जो हर बार बड़ा होता जा रहा है। अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों के ठहरने के लिए 150,000 टेंट लगाए हैं, जिनकी संख्या अनेक देशों के आबादियों की की आबादी से लगभग तीन गुना होने की उम्मीद है।

साथियों बात अगर हम आम जनता द्वारा क्या महसूस किया गया इसका वर्णन करने की करें तो महाकुंभ-अफवाह फैलाने वाले 34 सोशल मीडिया अकाउंट पर एफआईआर, मनमाना किराया वसूल रहे बाइक- रिक्शावाले, शहर में आज भी भीषण जाम का शहर है प्रयागराज महाकुंभ का आज 42 वां दिन है। मेला खत्म होने में 3 दिन और बचे हैं। आखिरी वीकेंड पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। मेला क्षेत्र के बाहरी हिस्सों में भीषण जाम लगा है। यमुना नदी पर बने ब्रिज की ओर जाने वाला रास्ता करीब 7 घंटे से जाम है। बांग्लादेश में 2022 में हुई ट्रेन में आग लगने की घटना कोमहाकुंभ की घटना बताकर अफवाह फैलाने वाले 34 सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।लखनऊ से आई एक महिला ने मीडिया में बताया- शहर के बाहर बस ने उतार दिया। इसके बाद शटल बस से मेले के लिए रवाना हुई। बस में खड़े होकर आना पड़ा। आधे घंटे की दूरी तय करने में 4 घंटे लगे प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट्स पर बाहर से आने वाली गाड़ियों को रोक दिया जा रहा है। शहर से बाहर बनी पार्किंग में गाड़ी पार्क करनी पड़ रही। यहां से संगम की दूरी 10 से 12 किमी है।एंट्री पॉइंट्स पर रोके गए श्रद्धालुओं को कम से कम 10-12 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। हालांकि, उनकी सुविधा के लिए प्रशासन शटल बसें, ई-रिक्शा, ऑटो, ठेले को चलने दे रहा है। हजारों की संख्या में बाइक वाले भी सवारी ढो रहे हैं। लेकिन, ये सभी मनमाना किराया वसूल रहे हैं।

साथियों बात अगर हम प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी की करें तो, महाकुंभ मेले को 2017 में यूनेस्को द्वारा अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का दर्जा दिया गया। यह मानवता का सबसे बड़ा शांतिपूर्ण संगम है। यह अ ा ट ा े ज न ा खगोलशास्त्र, ज्योतिष, आध्यात्मिकता , और सामाजिक- सांस्कृतिक परंपराओं का भी संगम है, जो इसे ज्ञान का एक समृद्ध स्रोत बनाता है।महाकुंभ के लिए प्रयागराज में एक अस्थायी नगरी का निर्माण किया जा रहा है और यह नगरी आधुनिक शहरी नियोजन, बुनियादी ढांचे और प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है।अनूठी चुनौती और अवसर, प्रयागराज, जिसकी आबादी 5.5 मिलियन है, के लिए 400 मिलियन विजिटर्स का स्वागत करना एक अभूतपूर्व चुनौती और अवसर प्रस्तुत करता है, जो संस्थानों के लिए हमेशा आकर्षण का केंद्र रहा है।यह भव्य आयोजन हर 12 साल में तब मनाया जाता है जब सूर्य, चंद्रमा और गुरु एक विशेष आकाशीय स्थिति में एकत्र होते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दुनियाँ का सबसे बड़ा आध्यात्मिक धार्मिक सांस्कृतिक समागम प्रयागराज महाकुंभ 2025, वैश्विक शोध का विषय बना! महाकुंभ समागम को देख पूरी दुनियाँ हैरान, हार्वर्ड, स्टैंनफोर्डलंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, आईआईएम, एम्स सहित 20 संस्थानों का शोध शुरू।26 फरवरी 2025 को महाशिव रात्रि के स्नान के साथ महाकुंभ आयोजन का समापन होगा-श्रद्धालुओं का आंकड़ा 70 करोड़ पार होने की संभावना।

## उदय किशोर साह



### गंगे तेरे नीर

कविता

गंगे नीर तुम्हारी है निर्मल
कितना पावन कितना शीतल
स्वर्ग से उतर धरा पे है आई
अन्त सागर में जा तूँ समाई

युगों युगों से धारा तेरी महिमा गाये
अपनी महत्ता जन जन को बताये
तेरी जल से सब प्यास है बुझाये
फिर भी तेरी तन गन्दा कर जाये

तेरी जल अमृत के है समान
औषधि का रूप पाया है मान
प्रदुषण जो करता वो नादान
शहर की नाली गिराता जहान

उदगम स्थल पे तुँ पावन है
मैदान में गन्दा बना दामन है
एक दिन पछतायेगा हर इन्सां
जिसने कुचल डाला तेरी अरमान

# जहर उगलने वाले क्या जानें 'उर्दू की मिठास



तनवीर जाफरी

आपने छात्र जीवन में उर्दू कभी भी मेरा विषय नहीं रहा। हाँ हिंदी में साहित्य रत्न होने के नाते मेरा सबसे प्रिय विषय हमेशा हिंदी ही रहा। और आज भी मैं प्रायः हिंदी में ही लिखता पढता हूँ। परन्तु शेर-ो-शायरी का शौक बचपन से ही था। इसके तथा कुछ पारिवारिक व सामाजिक परिवेश के चलते उर्दू से खासकर उसके शब्दों के उच्चारण के आकर्षक तौर तरीकों से बहुत प्रभावित रहा। और जब बचपन और जवानी में बड़े मुशायरों में शिरकत करने का मौका मिलता और कुंवर महेंद्र सिंह बेदी 'सहर' जैसे अजीम शायर को यह कहते सुनता कि उन्हें 'उर्दू जबान से मुहब्बत है ,इश्क है क्योंकि यह जुबान आब ए हयात( अमृत ) पीकर आई है' तो यक ीनन यह एहसास जरूर होता कि आखिर कुछ बात तो है कि भारत में पैदा होने वाली तथा फारसी व हिंदी के मिश्रण से तैयार उर्दू को हमारे देश के क्रांतिकारियों से लेकर बड़े से बड़े कवियों, साहित्यकारों, राज नेताओं, बुद्धिजीवियों ने न केवल अपनाया बल्कि उसे पाला पोसा और संवारा भी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उर्दू को भारतीय भाषा कहते थे।

मुगल शासक भी उर्दू भाषा को हिंदी या हिंदवी कहते थे। परन्तु चूँकि उर्दू के लिखने में फारसी लिपि का उपयोग होता है इसलिये लोग इसे मुसलमानों की भाषा कहने लगे। शायद यही वजह है कि आज हिंदी व उर्दू भाषा रुपी दो बहनें एक दूसरे में इतनी रम चुकी हैं कि यदि आप इन दोनों को एक दूसरे से अलग भी करना चाहें तो संभव नहीं। उदाहरण के तौर पर केवल चंद ऐसे अल्फाज पेश हैं जो आम तौर पर हिंदी भाषा में बोले जाते हैं परन्तु दरअसल इन शब्दों का स्रोत अथवा उद्भव फारसी अथवा उर्दू से ही हुआ है। जैसे हिन्दोस्ताँ, अदालत, वकील, इंसाफ, मुंसिफ, पाएजामा, पेशाब, पंजाब, दरवाजा, खिलाफ, मुखालिफत शराब, किताब, इंकलाब जिंदाबाद, 'शाही' (स्नान), डाकखाना, दवा, ईलाज, वजीर, शाह, बादशाह, हकीम, हाकिम, हुक्म, सब्जी, मकान जैसे अनगिनत शब्द हैं जो प्रत्येक भारतीय रोजाना दिन में कई कई बार इस्तेमाल करता है परन्तु शायद उसे इस बात का एहसास भी नहीं होता कि वह उर्दू के शब्द बोल रहा है।

इसके बावजूद उर्दू जैसे मीठी व अदब साहित्य से सम्बन्ध रखने वाली भाषा का हमारे देश में दशकों से विरोध होता आ रहा है। विरोध तो समय समय पर अंग्रेजी का भी हुआ परन्तु दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर में अंग्रेजी की व्यापक स्वीकार्यता व उसे मिलने वाले समर्थन के चलते राष्ट्रीय स्तर पर उसका विरोध नहीं हो सका। परन्तु उर्दू का विरोध करने का ठेका उसी विचारधारा के लोगों के पास है जो देश को एक रंग में रंगना चाहते हैं। बड़ी आसानी से इस भाषा को मुसलमानों की भाषा या विदेशी भाषा बताते हुये उर्दू का विरोध शुरू हो जाता है। जैसा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बजट सत्र के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से सुनने को मिला। मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष पर हमलावर होते हुये यह कहा कि - ये 'अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाएंगे और दूसरों के बच्चों को उर्दू पढ़ने को प्रेरित करेंगे। ये उन्हें मौलवी, कठमुल्ला बनने को प्रेरित करेंगे? यह नाइंसाफी है, यह नहीं चलेगा।' योगी आदित्यनाथ के इस बयान से यह सवाल तो जरूर खड़ा होता है कि क्या उर्दू को जानने वालों का, उर्दू पढ़ने या पढ़ने वालों का मकसद केवल मौलवी बनना बनाना होता है ? क्या उर्दू पढ़कर लोग ₹कठमुल्ला₹ बन जाते हैं ?

यदि ऐसा होता तो भारत में उर्दू की पहली गजल लिखने वाले कश्मीरी पंडित, पंडित चंद्र भान 'ब्राह्मण' न होते। मुंशी नवल किशोर, दया नारायण निगम, जगत मोहन लाल 'रवां' ,नौबत राय 'नजर', मुंशी महाराज बहादुर 'बर्क', नाथ मदन सहाय ,पंडित दया शंकर कौर 'नसीम', पंडित रतन नाथ 'सरशार', राम कृष्ण 'मुजतर', जमुना दास अख़्तर , राम लाल, डॉ. जगन्नाथ 'आजाद ', कृष्ण बिहारी नूर, संजय मिश्रा 'शौक ,राम प्रकाश ह्यबेखुदह्ल, खुशबीर सिंह ह्यशादह्ल ,मनीष शुक्ल, आनंद मोहन जुत्शी, गुलजार देहलवी, कृष्ण चंदर, रतन सिंह, भारत भूषण पंत और मलिक राम जैसे हिन्दू उर्दू प्रेमियों के अनगिनत नाम हैं जिनके बिना भारत में उर्दू अदब का इतिहास लिखा जाना संभव ही नहीं है। सही मायने में तो इन लोगों के योगदान ने ही उर्दू को पूरे विश्व में समृद्ध बनाया। इनके अलावा शहीद व क्रन्तिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकुल्लाह खान, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गाँधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, रघुपति सहाय फिराक, आनंद नारायण 'मुल्ला', ब्रज नारायण 'चकबस्त' जैसे अनेक सम्मानित नाम हैं जिन्होंने उर्दू से व उसकी मिठास से प्यार किया। इनमें न तो कोई कठमुल्ला बना न मौलवी न ही इन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण की खातिर इस भाषा से प्यार किया। दरअसल उर्दू को प्यार करने व इसे प्रोत्साहित करने वाले वे लोग थे जिनके मस्तिष्क में नफरत वैमनस्य या कुंठा नहीं भरी थी। वह साहित्य के कद्रदान लोग थे। वह उर्दू को हिंदी की छोटी बहन मानते थे। वह उर्दू को भारतीय भाषा मानते थे मुसलमानों की भाषा नहीं। वह लोग पूर्वाग्रही नहीं थे। समाज में प्यार व सद्भाव बांटते थे इसीलिये उन्होंने अपने संवाद व अपनी रचनाओं का माध्यम उर्दू रखा।

मगर अफसोस की बात है कि देश इस समय ऐसे लोगों के हाथों में है जिन्हें अन्य धर्मों व जातियों से नफरत है, जिन्हें लोगों के निजी खान पान व पहनावे से नफरत है। जिन्हें क्षेत्र व भाषाओँ से विद्वेष है। आपसी प्यार मोहब्बत इन्हें अच्छा नहीं लगता। यही वजह है कि कहीं उर्दू बाजार का नाम बदल कर हिंदी बाजार कर दिया गया। उर्दू के प्रतीत होने वाले अनेक जिलों, शहरों, कस्बों व रेल स्टेशंस के नाम बदल दिए गये हैं। जैसे फैजाबाद, मुगलसराय, इलाहबाद जैसे अनेक प्रसिद्ध नाम इसी नफरती सियासत के कारण इतिहास बन चुके हैं। ऐसे ही संकीर्ण मानसिकता के लोगों की नजरों में उर्दू पढ़ने वाला सिर्फ 'मौलवी' बनता है वह भी 'कठमुल्ला'? कहना गलत नहीं होगा कि ऐसी ही संकीर्ण मानसिकता के लोग हमारे देश की सांझी तहजीब के दुश्मन हैं। इन्हें मुसलमानों से नफरत, मस्जिदों से नफरत, मदरसे इन्हें नहीं भाते, उर्दू शब्दों वाले नामों से इन्हें नफरत।

कब्रिस्तान और शमशान में भेद करना इन संकीर्ण मानसिकता वादियों का व्यसन। धर्मों, जातियों व भाषाओं का विरोध करने वाले यह लोग इतने शातिर हैं कि यदि कोई इन संकीर्ण अतिवादियों का विरोध करे तो यह उसे विधर्मी, देशद्रोही, राष्ट्र विरोधी कुछ भी कह डालते हैं। क्योंकि दुर्भाग्यवश देश की सत्ता आज विषवमन करने वाले ऐसे लोगों के हाथों में है जो 'उर्दू की मिठास' व उसके एहसास व प्रभाव को समझ पाने की क्षमता कतई नहीं रखते।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल के बयान पर बागेश्वर संघर्ष वाहिनी में रोष

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** सदन में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद के अमार्यादित बयान पर बागेश्वर संघर्ष वाहिनी संगठन ने कड़ी आपत्ति जताई है ।पहाड़ के लोगों के खिलाफ अपमानजनक शब्द बोलने पर कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री और प्रदेश सरकार का सांकेतिक शवयात्रा निकालकर अपनी नाराजगी जताई। यहां हुई सभा में बागेश्वर संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में नुमाईशखेत मैदान के पास से संगठन से जुड़े सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री अग्रवाल का पुतला बनाकर सांकेतिक शवयात्रा निकाली ।और इस तरह प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहते हुए विधानसभा सत्र में अपने बयान से सभी उत्तराखण्डवासियों के सम्मान को ठेस पँहुचाते हुए पहाड़ी लोगों का अपमान करने की कड़ी शब्दो मे आलोचना की और खुलकर अपना विरोध जताया।

वही संगठन ने कहा कि सरकार सत्ता के नशे में है और नेता बेलगाम हो गए हैं। जिसे सहन नहीं किया जाएगा ।कहा कि संगठन द्वारा अब जनहित से जुड़े मुद्दों भृस्टाचारियो पर नकेल कसने के लिए लगातार जनहित के मुद्दे पर आंदोलन का विगुल बजाया जाएगा। जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता रविवार को नुमाईशखेत मैदान पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर विरोध जताया और विरोध में विवादित बयान देने वाले कैबिनेट मंत्री अग्रवाल का सांकेतिक पुतला बनाकर शवयात्रा निकाली यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि नेता बेलगाम हो गए हैं। वह आए दिन अनर्गल बयानबाजी करने के साथ सत्ता की हनक भी लोगों को दिखा रहे हैं। प्रदेश सरकार के मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सारी मयार्दा तार-तार कर दी है। उन्होंने जो बयान दिया है उससे पूरा प्रदेश आहत हैं। उनके बयान पहाड़ विरोधी है। मंत्री यह भूल गए हैं कि उन्हें जो सत्ता मिली है वह पहाड़ के लोगों की कुबार्नी से ही मिली है। इसके बाद उन्होंने कैबिनेट मंत्री अग्रवाल की सांकेतिक शवयात्रा निकाली,और उनकी शदबुद्धि की कामना की।

इस मौके पर संगठन के संरक्षक एड मनोज जोशी,प्रकाश पांडे,नवनीत बिष्ट, सुनील पांडे, दिव्यांशु कुमार, नागेंद्र मनराल, विनोद थापा, प्रकाश बाछमी, मनोज अधिकारी आदि मौजूद थे।

## दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के पर्यवेक्षण में थाना दुधारा व0उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव ,हो0का0 अरविन्द यादव, का0 राधेश्याम गिरी ने मु0अ0सं0 32/2025 धारा 69 बीएनएस के मामले मे वांछित अभियुक्त नाम पता सुनील कुमार पुत्र मोल्हू उर्फ राम मोहन निवासी ग्राम ड़डवामाली थाना दुधारा को करमाखान नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर वादिनी के साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने संबंध मे वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

## वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश एवं हिंदू महिला सेवा समिति व सामाजिक पत्रकार एसोसिएशन द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश एवं हिंदू महिला सेवा समिति तथा सामाजिक पत्रकार एसोसिएशन की ओर से प्रत्येक माह की भांति इस माह भी 22 फरवरी दिन शनिवार को लाटूश रोड स्थित होटल शिमला पैलेस में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें वैश्य समाज सेवा के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता शिमला परिवार द्वारा श्रीराम दरबार पर माल्यार्पण तथा फूल माला अर्पित कर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम संचालक मंत्री रीता नाथ का जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर पर हिंदू महिला सेवा समिति की महामंत्री इंदिरा उपाध्याय ने कहा कि सनातन धर्म में गहरी आस्था, श्रद्धा तथा विश्वास होने के नाते हम लोग यह पाठ उत्साह के साथ करते है, तथा तीनों संस्थाओं में नए लोगों को जोड़ने का अवसर भी प्रदान करते है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से हिंदू महिला सेवा समिति की अध्यक्ष आयुषी गुप्ता, महामंत्री इंदिरा उपाध्याय, सचिव जयश्री प्रिया गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय लक्ष्मी, उपाध्यक्ष निर्मला मिश्रा, उपाध्यक्ष शालिनी त्रिपाठी, संरक्षक उषा अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष पुष्पा गुप्ता, सदस्य उर्मिला अग्रवाल, महिला समाजसेविका रीतानाथ, संध्या गुप्ता, वंदना त्रिपाठी, अन्नपूर्णा द्विवेदी,दीपमाला, रुचिका अग्रवाल, बबिता चौरसिया, पत्रकार लक्ष्मी गुप्ता, व्यापार मंडल की बीनू मिश्रा, रीना चौरसिया, मधु चौरसिया, लक्ष्मी झा, पत्रकार राम कृष्ण मिश्रा, रोहित गुप्ता, संतोष वर्मा, मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी इसके इलावा भी काफी लोग मौजूद रहे।

# विशेष शिविर के छठे दिन बीमारियों से रोकथाम के उपाय बताते स्वयंसेवी

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम फीना और ग्राम अजुपुरा में चल रहा है। शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को घर-घर जाकर बीमारियों के प्रति जागरूक किया। उनका कहना है कि कोई भी बीमारी होने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवाई मेडिकल से नहीं लें बिना चिकित्सक के दवाई लेने पर भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने ने पड सकते हैं। स्वयंसेवियों ने ग्राम फीना में एनएसएस की सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवाली राजपूत व रुक्मणी के नेतृत्व में जन जागरूकता रैली निकाली। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा लक्ष्य गीत गाया गया।

जिसमें स्वयंसेवियों का संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी अशोक कुमार शास्त्री ने कहा कि कुछ ग्रामीण साक्षर नहीं होने के कारण चिकित्सक के पास नहीं जा पाते ऐसा करके वह स्वयं की जान जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी छात्र घर-घर जाकर बिना चिकित्सक की परामर्श के दवाई लेने वाले ग्रामीणों को जागरूक करें। ग्रामीणों की सेवा करना राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख उद्देश्य है। स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने संपूर्ण दिन की आख्या प्रस्तुत की। तथा कार्यक्रम का समापन हम होंगे कामयाब एक दिन गीत के साथ हुआ।

इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री ने राष्ट्रीय सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। और साथ ही ग्रामीणों की पूर्ण मनोयोग से सेवा करने की अपील की। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार, द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा, डा आरपी सिंह, प्रशांत चौधरी, ओमपाल त्यागी, मंसाराम, ललित शर्मा, सोनू कुमार, सचिन कुमार, गौरव आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम महावन द्वारा किसानों से अभद्रता पर मामला गरमाया

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बलदेव।** शनिवार को महावन थाने पर पुलिस प्रशासन द्वारा बुलाई गई मीटिंग मे संगठन के एक पदाधिकारी को बैठक से सार्वजनिक रूप से अपमानित कर भगा देने से मामला गरमा गया है, इसको लेकर भाकियू चढ़ूनी कार्यकताओं ने कैंप कार्यालय पर बैठक कर महावन एसडीएम आदेश कुमार के व्यवहार पर गंभीर आपत्ति जताई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान ने कहा एसडीएम का आचरण लोक सेवक के आचरण के विरुद्ध है।

किसान उनके समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त करने जाते हैं और एसडीएम आंख तरेरते हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा किसान आए दिन अभद्र व्यवहार की शिकायत करते हैं। जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता मंडल अध्यक्ष आगरा रामवीर सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष संजय पराशर, ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने कहा बार बार

- **भाकियू चढ़ूनी प्रदेश भर में 28 को मुख्यमंत्री के नाम सौंपेगा ज्ञापन**

ज्ञापन देने के बाद भी समस्याओं का समय से निस्तारण नहीं किया जा रहा है। बैठक में सभी ने एक राय से एसडीएम के अभद्र व्यवहार को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। निर्णय लिया गया कि 28 फरवरी 25 को सभी जिला मुख्यालय/ तहसीलों पर माननीय मुख्यमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मांग की जाएगी कि किसानों से बदसलूकी करने वाले एसडीएम महावन के खिलाफ कार्यवाही कर ऐसी जगह ट्रांसफर किया जाए जहां न गरीब आदमी हो और न किसान हों क्योंकि एसडीएम की मानसिकता किसान विरोधी है, और मुख्यमंत्री योगी जी की मंशा से अलग छवि खराब करने वाली है। यदि एसडीएम महावन के खिलाफ 15 दिन में कार्यवाही नहीं होती है तो 17 मार्च को भाकियू चढ़ूनी जिला मुख्यालय का घेराव कर महापंचायत करेगा । जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गुरनाम सिंह चढ़ूनी, राष्ट्रीय महासचिव मास्टर मनोज नागर, प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डागर सहित प्रदेश स्तरीय एवं मंडल स्तरीय पदाधिकारी भाग लेंगे।

बैठक में बिल्ला सिंह सिकरवार, सतीश चन्द्र, हरिपाल सिंह परिहार, श्याम सिंह परिहार, हरिओम सिंह, चौधरी हीरा सिंह, सोहन सिंह सिकरवार, छत्रपाल सिंह, सोनवीर सिंह, नरेंद्र उपाध्याय, रोहतान सरपंच, भरत सिंह, घनश्याम सिंह, टीटू गोयल, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# गरुड़ के साहित्यकार गोपाल दत्त भट्ट व मोहन जोशी को मिलेगा उत्तराखंड गौरव सम्मान

वेलकम इंडिया



- **भट्ट गुमानी पंत व जोशी शेरदा अनपढ़ पुरस्कार से होंगे विभूषित**
- **उत्तराखंड भाषा संस्थान तीन मार्च को करेगा सम्मानित**

**गरुड़।** कुमाउनी व हिंदी के सशक्त हस्ताक्षर वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल दत्त भट्ट व मोहन जोशी को उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कुमाउनी भाषा व साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए उत्तराखंड भाषा संस्थान आगामी तीन मार्च को देहरादून में दोनों साहित्यकारों को सम्मानित करेगा। भाषा संस्थान की निदेशक स्वाति एस भदौरिया ने दोनों साहित्यकारों को पत्र भेजकर पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने की सूचना दी है और तीन मार्च को पुरस्कार ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया है। कत्यूर घाटी के दोनों साहित्यकारों को पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर गरुड़ क्षेत्र में खुशी की लहर है।

वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल दत्त भट्ट को कुमाउनी साहित्य के लिए गुमानी पंत पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें पुरस्कार में एक लाख इकावन हजार की धनराशि व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। जबकि कवि मोहन जोशी को उनकी कुमाउनी काव्य कृति 'शिव क ब्या' के लिए ₹शेरदा अनपढ़ ₹ पुरस्कार से विभूषित किया जाएगा। उन्हें पुरस्कार में एक लाख की धनराशि व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। दोनों कवियों की इस उपलब्धि पर साहित्यकर डा. हेम चंद्र दुबे, रतन सिंह किरमोलिया, रमेश पांडे बृजवासी, डा. गिरीश अधिकारी, चंद्रशेखर बड़सीला, मनोज खोलिया, जीवन सिंह दोसाद, बची गिरी, ओमप्रकाश फुलारा, संतोष तिवारी, भुवन कैड़ा, नंदन सिंह अल्मिया, डीके जोशी, हरीश जोशी, प्रेमा भट्ट, आशा बुटौला आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है और इसे कत्यूर घाटी के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि बताया है।

# बीएसए कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह सातवे दिन अत्यंत भव्य और प्रेरणादायक रहा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. पूनम तिवारी, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं संवाद लेखक श्रीरामेन्द्र मोहन त्रिपाठी, वरिष्ठ कवि श्री श्यामसुंदर शर्मा 'अकिंचन' और वरिष्ठ रंगकर्मी श्री लोकेंद्र नाथ ने की।

समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा और विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से संपन्न किया।

समापन समारोह में बी.एस.ए. कॉलेज एनएसएस वॉलंटियर्स छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। ब्रज के लोकगीतों पर नृत्य, राधा-कृष्ण पर आधारित भक्ति नृत्य और देश के अमर शहीदों पर कविता पाठ ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बनाने के लिए वरिष्ठ कवियों ने अपनी कविताओं और रसों का पाठ किया, जिससे छात्रों को साहित्यिक और सांस्कृतिक समृद्धि का अनुभव हुआ।

मुख्य अतिथि प्रो. पूनम तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹राष्ट्रीय सेवा योजना में भागीदारी केवल समाज सेवा तक सीमित नहीं, बल्कि यह आपके करियर और व्यक्तित्व विकास का भी मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट् के वॉलंटियर्स को गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोहों में भाग लेने और प्रधानमंत्री के साथ बैठने का गौरव प्राप्त हो सकता है ।₹ उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक सामाजिक सेवा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि, ₹यह शिविर केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा, नेतृत्व और टीम वर्क का पाठ पढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। छात्रों को इन सीखों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए ।

समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक कुमार कौशिक ,कार्यक्रम अधिकारी श्री शांतनु, मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. बी.पी. राय, डॉ. बी.के. गोस्वामी, डॉ० नवीन अग्रवाल जी, डॉ० रामदत्त मिश्रा जी, डॉ० कपिल कौशिक जी, मथुरा डॉ० ममतारानी कौशिक जी, डॉ० अजय उपाध्याय जी, डॉ. यू.के. त्रिपाठी, डॉ सतपाल सिंह,डॉ. आनंद त्रिपाठी, डॉ. चंचल शर्मा, डॉ. सतेंद्र त्रिपाठी, चंद्रेश अग्रवाल, डॉ. रेखा राय, डॉ. अनु गर्ग सहित कई गणमान्य शिक्षकों ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

इस भव्य आयोजन ने साबित कर दिया कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक सामाजिक अभियान नहीं, बल्कि एक युवा क्रांति है, जो भारत के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। बी.एस.ए. कॉलेज के ये सात दिन छात्रों के जीवन में सदैव यादगार रहेंगे, जो उन्हें समाज सेवा और नेतृत्व की ओर प्रेरित करते रहेंगे।

# ब्रज साहित्य परिषद न्यास की मासिक काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन




वेलकम इंडिया


**मथुरा/गोवर्धन।** ब्रज साहित्य परिषद न्यास की प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को होने वाली काव्य गोष्ठी का आयोजन चंद्रसरोवर परासौली स्थित सूर श्याम वाचनालय एवम पुस्तकालय में आयोजित हुई।

गोष्ठी का शुभारम्भ सुरेश चन्द्र शास्त्री द्वारा सरस्वती वन्दना द्वारा किया गया। मथुरा से आये कवि बाबू लाल शर्मा ब्रजवासी ने फागुन कौ हुरंगा कविता से सबका मन मोह लिया। परासौली के युवा कवि अभिषेक कौशिक एडवोकेट ने मैं तीर्थराज गोवर्धन हूँ रचना प्रस्तुत की।

मथुरा से आये कवि रूपेश धनगर ने ब्रजभाषा की कविता बिरज में छूट रहीं पिचकारी प्रस्तुत की। न्यास के कोषाध्यक्ष धीरज कौशिक ने बाबा सूर कूं वन्दन कविता के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई। जी एल बजाज कॉलेज के प्रवक्ता डॉ उदयवीर सिंह ने उत्साहित करने वाली कविता ए राही सफर तो तय करना पड़ता है पढ़ी। कवित्री रामसखी ने चलौ रंगबे बाँके बिहारी को से सबका ध्यान आकर्षित कर लिया। न्यास के मंत्री और प्रसिद्ध कवि गोपाल प्रसाद उपाध्याय ने कुम्भ में कण्ठी मोनालीसा की व्यंग पढ़ कर सभी को आनन्दित कर दिया। गोष्ठी का संचालन न्यास के महामन्त्री हरि बाबू ओम द्वारा किया गया और अपनी कविता महीना फागुन कौ न्यारौ प्रस्तुत की।

## कर्म ही पूजा है

वेलकम इंडिया




पीयूष अरोड़ा (चांदपुर)

कर्म को ही अपनी पूजा बनाएं मंदिर जाकर या धार्मिक स्थलों पर जाकर पूजा वंदना करना तभी सार्थक है जब हम अच्छे कर्म अपना ते हैं और उस पर चलते हैं वैसे हमने पढा है रावण भी बहुत विद्वान था उसने अपने को धार्मिक कर्म में नहीं बदला

रावण के कर्म अच्छे नहीं थे इसलिए उसका नाश हुआ जहां लोग आलसी होंगे भाग्य के भरोसे बैठने वाले होंगे कर्मशील नहीं होंगे वह उन्नति नहीं कर सकते भाग्य के भरोसे बैठे रहने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है कभी-कभी कुछ लोग कहते हैं की मेहनत तो बहुत करते हैं लेकिन सफलता हासिल नहीं हासिल होती यह दशार्ता है कि हमारी मेहनत में कहीं ना कहीं कुछ ना कुछ कमी रही जो असफल हुए एक कक्षा में एक अध्यापक होता है और वह सभी छात्रों को एक जैसा पड़ता है उसमें कुछ छात्र बहुत जल्दी अध्यापक के द्वारा बताई हुई चीज को बहुत जल्द समझ लेते हैं कुछ बच्चे होते हैं देर से समझते हैं और कुछ बच्चे बिल्कुल नहीं समझ पाते हैं और ना समझ अपने वाले छात्र असफल हो जाते हैं भाग्य के भरोसे बैठे रहने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है कर्म को अपने बेहतर बनाएं विषय की पूर्ण जानकारी हो योजना बेहतर हो संकल्प दृढ़ हो तो हम भाग्य से ज्यादा और समय से पहले भी प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रसिद्ध लेखिका डॉ.निक्की शर्मा रश्मि का नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी सटीक लेखनी से अपनी विशेष पहचान रखने वाली लेखिका, साहित्यकार ,सोशल एक्टिविस्ट डॉ.निक्की शर्मा रश्मि का नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है।

डॉ.निक्की शर्मा ने अपनी सटीक ओर निष्पक्ष लेखनी से 15 जुलाई 2019 से 20 जुलाई 2020 की समय अवधि में 365 दिन तक प्रतिदिन साहित्यिक लेख, कहानी,कविताएं ,लघु कथाएं,परिचर्चा विभिन्न पत्र पत्रिकाओं, वेब पोर्टल में लिखने और प्रकाशित होने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है ।इस विशेष उपलब्धि के लिए इनका नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने ( 2025-26 संस्करण) में विश्व कीर्तिमान के रूप में दर्ज किया है। सूरत,गुजरात में आयोजित एक समारोह में एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स के चेयरपर्सन डॉ. सौरभ ने डॉ.निक्की शर्मा रश्मि को एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया, डॉ. रागिनी पाण्डेय, युवा उद्यमी अभय शर्मा ,राहुल सिंह, श्रुति सिंह, आचार्य गौरव पाण्डेय, शुभम सिंह, कृष्णा सिंह सहित कई प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित थे। डॉ. निक्की शर्मा की यह विशेष उपलब्धि साहित्य प्रेमियों के लिए गर्व का विषय है,बल्कि यह लेखकों और साहित्यकारों के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल भी है। डॉ.निक्की शर्मा को इस शानदार उपलब्धि पर वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर अंतरराष्ट्रीय लेखक ,पत्रकार विचारक एवं धरा धाम इंटरनेशनल के धरा गवर्नर डा. शंभू पंवार , उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद पाठ्यक्रम समिति के सदस्य डॉ अहसान अहमद, गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ गीतांजलि नीरज अरोड़ा ,वरिष्ठ साहित्यकार ,लेखिका डॉ निशा अग्रवाल सहित अनेक साहित्यिक संस्थाओं और नामचीन लेखकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# पत्रकारिता, लोगों को आवाज देती है और उन्हें अपने अधिकारों और हितों के लिए आवाज उठाने में मदद करती है: नूरूज्जमा अंसारी

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील खलीलाबाद के तत्वाधान में मगहर नगर पंचायत मैरेज हाल में ग्रामीण पत्रकार की चुनौतिया और दायित्व विषय पर कार्यशाला और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नूरूज्जमा अंसारी ने बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में पत्रकारों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता, लोगों को आवाज देती है और उन्हें अपने अधिकारों और हितों के लिए आवाज उठाने में मदद करती है। पत्रकारिता, लोगों को जन रुचि से जुड़े विषयों पर सटीक और निष्पक्ष जानकारी देती है. इससे लोगों को दुनिया को समझने और उसमें हिस्सा लेने में मदद मिलती है।

राष्ट्रीय सहारा उर्दू के संपादक व वरिष्ठ पत्रकार अफजल खान ने कहा कि पत्रकारिता, लोकतंत्र को मजबूत करती है और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा करती है। उन्होंने पत्रकारों को खबरों के संकलन के लिए जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता, समाज की गतिविधियों का दर्पण है। लोगों को सशक्त बनाती है और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देती है लोगों को आपातकालीन स्थिति और आपदा प्रबंधन से जुड़ी जानकारी देती है। लोगों को उन विचारों और संदेशों से प्रभावित करती है जिनसे उनका व्यवहार और दृष्टिकोण बनता है। इसलिए खबरों के संकलन में ध्यान देने की जरुरत है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। सभी पत्रकारों का बीमा कराया गया है। जल्द ही हेल्थ कार्ड भी बन जायेगा।

इस अवसर पर मण्डल मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर, के के निर्भीक, जिला महामंत्री मुहम्मद आफताब आलम अंसारी, सत्यप्रकाश वर्मा, तहसील अध्यक्ष अतहरूल बारी, महबूब पठान, शफीक अहमद, शफीक अहमद, अतुल सिंह, आफताब अहमद, शिवानंद चंचल, अतीक अहमद, खुर्शीद आलम, गिरीश चन्द्र गुप्ता, टीएन यादव, दिग्विजय, अमित कुमार पाण्डेय, वीरेन्द प्रताप, दिनेश कुमार चौधरी, डा. पी पी विद्यार्थी, इजहार अहमद शाह, राजीव सिंह, राम नयन वर्मा, गुंजन, टीएन यादव, इंद्रजीत यादव, महिला थानाध्यक्ष पूनम मौर्या, प्रभारी यातायात परमहंस, चौकी प्रभारी मगहर आदि मौजूद रहे।

# बुनियाद प्रतिभा सम्मान समारोह में 162 मेधावी छात्रों को कुलपति ने किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** रविवार को सन्त कबीर नगर के ए.एच.एग्री. इन्टर कालेज उजियार दुधारा पर आयोजित बुनियाद प्रतिभा सम्मान समारोह में कुल 162 मेधावी छात्रों और 25 शिक्षकों को गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने सम्मानित किया गया।

इस दौरान आदर्श जनता इन्टर कालेज पचपेड़वा के पूर्व प्रधानाचार्य एखलाक हुसेन साहब को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मास्टर मोहम्मद सिद्दीक लाइफ टाइम एचीवमेन्ट अवार्ड दिया गया. इस मौके पर कुल 30 बच्चों को 1-1 रेन्जर साइकिल और ट्राफी दी गई. दूसरी प्राइज के तौर पर 56 छात्रों को बड़ी साइज का टेबल, कुर्सी और ट्राफी प्रदान की गई। तीसरे प्राइज के तौर पर 76 छात्रों को नार्मल साइज का टेबल, कुर्सी और ट्राफी प्रदान की गई। इस मौके पर ए.एच. एग्री. इन्टर कालेज उजियार दुधारा के प्रधानाचार्य मुनीर आलम साहब को उनके उच्कृष्ट शैक्षिक योगदान के लिए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

9 फरवरी 2025 को आयोजित बुनियाद टैलेन्ट सर्च परीक्षा में इस वर्ष कुल 1034 छात्रों ने परीक्षा दी थी. जिसमें बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 162 मेधावी छात्रों को पुरस्कार के लिए चुना गया था। जिन्हें आज 23 फरवरी को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर गौहर अली खान, मो अहमद, अखलाक अहमद, मुनीर अहमद प्रिंसिपल, जमाल अहमद प्रिंसिपल, संजय द्विवेदी, कमरे आलम सिद्दीकी, मो अहमद खान, इम्तियाज अहमद, जफीर अली करखी, जहीर अहमद एडोकेट, रिजवान मुनीर, आदि मौजूद रहे।

# कंपोजिट ग्रांट का सदुपयोग कर विद्यालय को बनाएं आकर्षक : आशीष सिंह

**संतकबीरनगर।** सेमरियावां ब्लॉक के सभी विद्यालयों बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए कंपोजिट ग्रांट का सदुपयोग कर सभी परिषदीय विद्यालय को आकर्षक एवं सुंदर बनाएं।सभी शिक्षक टीम भावना से काम करें।ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाएं।विद्यालय में गुणवत्ता युक्त शिक्षा का वातावरण हो। ये बातें खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां में शनिवार को हुई मासिक समीक्षा बैठक में कही। आशीष कुमार सिंह ने इस दौरान सामुदायिक सहभागिता, गुणवत्ता शिक्षा, निर्माण कार्य, प्री प्राइमरी, ई एम आई एस, वित्तीय उपभोग, मध्याह्न भोजन, प्रेरणा पोर्टल, निःशुल्क पुस्तक, यूनिफार्म, कार्यपुस्तिका पोर्टल पर फीडिंग की समीक्षा की गई। इस बैठक में जफीर अली, हिमांशु पांडेय, राम निवास, विनोद चंद, लक्ष्मी नारायण, मो इरफान, आफाक अहमद, मुख्तार आलम, धर्मराज, शमा अजीज, कविता तिवारी, सुशील शर्मा, आशीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# झांसी नगर में वार्ड 57 मे मन की बात कार्यक्रम सुना गया



**झांसी।** आज मन की बात का कार्यक्रम शक्ति केंद्र संयोजक डॉक्टर धीरज अग्रवाल के निवास पर मिशन कंपाउंड वार्ड 57 में सुना गया। कार्यक्रम में वार्ड 57 के पार्षद मयंक श्रीवास्तव द्वारा सभी का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री राम नरेश तिवारी जी स्वतंत्र निदेशक पावर ग्रिड कॉरपोरेशन तथा विशिष्ट अतिथि रजनी गुप्ता जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा तथा श्री कुलदीप शर्मा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना गया। माननीय प्रधानमंत्री जी के उत्तराखंड ओलंपिक, स्पेस में भारत की सफलता, मोटापे पर नियंत्रण तथा 8 मार्च को नारी शक्ति वंदन के साथ छात्रों की चलने वाली परीक्षाओं में स्ट्रेस फ्री चर्चा आदि विषयों को सुना। कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री श्री बृजेंद्र सिंह राजपूत श्री मोहन दास गुप्ता श्रीमती रश्मि अग्रवाल इंजीनियर मयंक श्रीवास्तव पार्षद इत्यादि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर धीरज अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

# शादी का झांसा देकर महिला से गैंगरेप, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**गोल्हौरा/सिद्धार्थनगर।** बांसी तहसील के गोल्हौरा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा दलित महिला(45) को शादी का झांसा देकर बंधक बनाकर गैंगरेप करने के मामले के मुख्य आरोपित को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी तीन की तलाश में जुटी हुई है। आरोपित शिवसागर पुत्र रामफेर क्षेत्र के ही ग्राम डड़वा ढड्ढी गांव का निवासी है। उसके व उसके पिता व दो अन्य के खिलाफ राज्य महिला आयोग की पहल पर गोल्हौरा पुलिस ने गुरुवार को धारा 376डी, 323, 504, 506, 342 व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी थी। महिला का पति बाहर रहता है। महिला का आरोप है कि एक वर्ष पहले शिवसागर शादी का झांसा देकर पिपरा करीम गांव निवासी एक व्यक्ति के घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद उसे नशे की दवा खिलाकर बस्ती से पूना अपनी बहन के घर में आठ महीने जबरन रखा। जहां उसके सहयोगियों ने रेप किया। थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा चौथा पत्रिका विमोचन एवं पत्रकार सम्मेलन संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा गोपाल धाम में आयोजित चौथे पत्रिका विमोचन एवं पत्रकार सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तित्व, पत्रकार एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं श्री राम चंद्र जी के मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ। जिसमे संस्थापक विष्णु अग्रवाल जी एवं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विकास शर्मा, डॉ अमित साहनी, यश वार्ष्णेय, नितिन अग्रवाल उपस्थित रहे। संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया एवं निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और निष्पक्ष पत्रकारिता समाज में जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण साधन है। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित नवीन पत्रिका का विमोचन किया गया, जिसमें समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रकाशित की गई हैं। अतिथियों ने पत्रिका की सराहना की और इसे समाज के लिए उपयोगी बताया। पत्रकार सम्मेलन में विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों ने समाज में पत्रकारिता की भूमिका, चुनौतियाँ और इसकी निष्पक्षता पर अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ पत्रकारो ने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष और निर्भीक रहकर कार्य करना चाहिए, ताकि समाज में सच्चाई और न्याय की भावना बनी रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की ओर से अतिथियों और पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव नीरज गोयल, कोषाध्यक्ष/मीडिया प्रभारी सीए प्रतीक अग्रवाल, प्रवक्ता हिमांशु गौड़, कॉर्डिनेटर चंद्र प्रकाश अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी सारांश टालीवाल, सह सचिव तरूण राघव, सह सचिव निश्कर्ष गर्ग, वरुण अग्रवाल, ध्रुव कोठीवाल, लोकेश सिंघल, रंगेश शर्मा, संदीप गोयल, अवधेश कुमार बंटी, विशाल सोनी, मनीष कुमार मित्तल, सुनील कुमार, कनज सारस्वत, सौरभ शर्मा, दीपांशु वार्ष्णेय, स्वदेश वार्ष्णेय, आशीष अग्रवाल, अतीश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# जम्मूतवी जा रहे यात्री का मोबाइल चोरी ठगों ने बैंक खाते से उड़ाए 4.92 लाख रुपये

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** ट्रेन यात्रा के दौरान एक यात्री का मोबाइल चोरी हो जाने के बाद साइबर ठगों ने उसके बैंक खाते से लाखों रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसएसपी अनुराग आर्य से की। एसएसपी के आदेश के बाद इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इज्जतनगर के आलोक नगर एयरफोर्स गेट निवासी बृजेश कुमार तिवारी ट्रेन संख्या 13151 से सफर कर रहे थे। वे एसी 3 टियर कोच बी-1 में सवार होकर बरेली जंक्शन से जम्मूतवी जा रहे थे। यात्रा के दौरान रात करीब एक बजे से सुबह 5 बजे के बीच उनका मोबाइल चोरी हो गया। जब वे 29 जनवरी 2025 को जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पहुंचे, तो उन्होंने जीआरपी थाने में मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई। मोबाइल चोरी होने के बाद ठगों ने इसका फायदा उठाकर पीड़ित के बैंक खाते से 29 जनवरी से 3 फरवरी के बीच कुल 4,92,009 रुपये निकाल लिए। इसकी जानकारी पीड़ित को 12 फरवरी को हुई। जिसके तुरंत बाद उन्होंने अपना डेबिट कार्ड ब्लॉक करवा दिया। पीड़ित ने इस घटना से जुड़े सभी दस्तावेज, जिनमें बैंक स्टेटमेंट, मोबाइल चोरी की शिकायत की कॉपी और यात्रा टिकट की प्रति शामिल है, संबंधित अधिकारियों को सौंप दी है।

पीड़ित बृजेश तिवारी ने पुलिस और बैंक अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस धोखाधड़ी को अंजाम देने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और उनके खाते से निकाले गए पैसे वापस दिलाए जाएं। इस शिकायत के आधार पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कृषि यंत्र मेला एवं कृषक गोष्ठी का किया आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर।** बिंदल शुगर मिल चाँगीपुर के ग्राम याहियापुर की सूत मिल अमरोहा के प्रांगण में एक कृषि यंत्र मेला एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि यंत्र मेले में सभी अतिथियों के द्वारा छोटे ट्रैक्टर, एम बी प्लाऊ, ट्रेंच रेजर आदि कृषि यंत्रों का वितरण अनुदान पर कृषकों को किया गया। बसंत कालीन गन्ना बुवाई एवं गन्ना बीज बदलाव कार्यक्रम के अंतर्गत एक बृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कृषक गोष्ठी में सहायक निदेशक गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर डॉ० पी के कपिल द्वारा गन्ना फसल का उत्पादन बढ़ाने हेतु गन्ना बीज बदलाव एवं गन्ना तकनीक पर विस्तृत चर्चा की। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमरोहा राजेश कुमार ने भी विभाग की योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में चीनी मिल चांगीपुर के उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र कुमार मलिक द्वारा सभी को धन्यवाद दिया और चीनी मिल द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

कृषि यंत्र मेले एवं गोष्ठी में अमरोहा क्षेत्र के लगभग 200 कृषकों ने प्रतिभाग किया। इसके बाद यहियापुर ग्राम में एक क्षेत्रीय गन्ना कार्यालय का उद्घाटन भी उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया।

# जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर डडियापुरा में कॉलोनी वासियो ने किया प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के डडियापुरा में बनी कॉलोनी के निवासी धरने पर बैठ गए। उनका आरोप है कि जमीनों का कारोबारी उनकी पुश्तैनी भूमि पर कब्जा कर रहा है। साथ ही उन्होंने कोतवाली थाना प्रभारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रदर्शन कर रहीं पीड़ित महिलाओं ने कहा कि पुलिस हमें हमारी भूमि का उपयोग करने से रोक रही है। अब उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है।

एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बड़ागांव गेट बाहर वर्मा कॉलोनी थाना शहर कोतवाली निवासी देवेंद्र कुमार व सतेंद्र कुमार चौरसिया ने कहा कि उनकी जमीन पर एक बिल्डर कब्जा कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल्डर की भूमि से सटी उनकी पुश्तैनी जमीन है, जिस पर शिकायतकताओं का कब्जा है।

उन्होंने कहा कि उक्त बिल्डर चाहता है कि यह जमीन उसे दे दें। इसी नियत से वह यहां के निवासियों को परेशान कर रहा है। देवेंद्र ने रविवार समय करीब 10:30 बजे बताया कि बीती 20 फरवरी को वह अपनी जमीन पर समतलीकरण का काम करा रहा था। तभी बिल्डर वहां आ गया और अपने साथियों के साथ मिलकर उसे धमकाते हुए भगा दिया। आरोप है कि वह लोग जब बिल्डर की शिकायत करने कोतवाली पुलिस के पास पहुंचे तो वहां थाना प्रभारी के पास पहले से बिल्डर मौजूद थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसने पूरे मामले की शिकायत कोतवाल से की तो उन्होंने उसे धमकाते हुए मुकदमें में फसा देने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि अगर दोबारा उस जमीन पर दिखे तो मुकदमा लिखकर जेल भेज दूंगा।

न्याय नहीं मिलने पर शिकायतकर्ता के परिजन व अन्य जमीन के मालिकों मौके पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने एसएसपी को शिकायती पत्र देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी न्याय करने की गुहार लगाई है।

# केंद्रीय बजट समाज के हर वर्ग के लिए वरदान : सासंद पाल

**वेलकम इण्डिया**



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में बजट सत्र पर जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल रहे।

सांसद जगदंबिका पाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया केंद्रीय बजट समाज के हर वर्ग के लिए वरदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर छण अंत्योदय के लिए समर्पित रहता है।

पत्रकार वार्ता और संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार के कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि बजट में करदाताओं को राहत प्रदान किया गया है 12 लाख तक की आयकर मुफ्त करके सरकार ने मध्यम वर्ग के हित में ऐतिहासिक काम किया है।

उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया है, फसल बीमा योजना का विस्तार किया है जो किसान भाइयों के लिए वरदान साबित होगा। इस अवसर पर जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, बढ़नी नगरपंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि जिला महामंत्री विपिन सिंह, विजयकांत चतुवेर्दी, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, वरिष्ठ नेता राजेंद्र पांडेय, दशरथ चौधरी आदि लोग उपस्थित रहें।

# असम के मुख्यमंत्री ने 90 साल पुरानी जुमा पढ़ने की परम्परा को किया खत्म

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने असम विधानसभा की कार्रवाही पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि 90 साल पुरानी जुमा पढ़ने की परम्परा को खत्म कर दिया है, यह गलत है। असम विधानसभा की कार्यवाही पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि असम की भाजपा सरकार ने एक बार फिर मुस्लिम मुखालफत का इजहार करते हुए विधानसभा मे मुस्लिम विधायकों के लिए जुमे के दिन नमाज अदा करने के लिए 2 घंटे के वक्फा (शुन्यकाल) के लिए 90 साल पुरानी परम्परा को खत्म कर दिया गया है। अगर चुने हुए विधायक ही अपने धार्मिक अधिकारो की अदायगी नही कर सकते है तो असम राज्य के आम मुसलमानो के बारे मे क्या कहा जा सकता है, ये बात हर शख्स सोच सकता है। मौलाना ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हेमन्त विशवा सर्मा हमेशा मुसलमानो के खिलाफ जहरीले बयान देते है, कभी वो एनआरसी के नाम पर असम और बंगाल के मुसलमानो को डराते है, तो कभी सीएए के नाम पर पूरे भारत के मुसलमानो को डराने की कोशिश करते है। मौलाना ने आगे कहा कि विधानसभा मे जुमे के दिन 2 घंटे की छूट 1937 से चली आ रही है, ये छूट कोई नयी परम्परा नहीं है जो कि 90 सालों से चली आ रही है। मौलाना ने मांग की है कि विधानसभा मे ही कोई जगह जुमा पढ़ने की मुकर्रर की जाये ताकि हफ्ते भर में एक बार पढ़ी जाने वाली नमाज से मुस्लिम विधायक वंचित न रह जाए।

# बच्चों को सवाल करने की आजादी हो : प्रो राहुल बर्मन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** मूडाडीहा बेग के चैनपुर में स्थित अलहदा पब्लिक स्कूल का रविवार के दिन वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया।इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने ज्वलंत मुद्दों एवं शिक्षा के महत्व से जुड़े बिंदुओं पर उर्दू हिंदी अंग्रेजी भाषण नाटक, गीत, प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया।नन्हे मुन्हें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

इस अवसर पर मुख्यातिथि कानपुर आईआईटी के प्रोफेसर राहुल बर्मन ने स्कूल के बच्चों की टेलेंट की खूब प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र बच्चों में अपार प्रतिभा छिपा हुई है।शिक्षकों की मेहनत को सराहा।उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रशासन करने की आजादी होनी चाहिए।कामयाबी का कोई एक निश्चित फामूर्ला नहीं होता।मैने कभी सपने में भी नहीं सोचा था आईआईटी का प्रोफेसर बनूंगा। कोई नहीं जानता भविष्य कैसा है।समर्पण भाव से मेहनत करें। परिणाम अच्छे मिलेंगे। मनाली चक्रवर्ती लेखिका ने सभी माता पिता को अपने बच्चों से बड़ी अपेक्षा होती है।बच्चे माता पिता का आदर सम्मान करें। डॉ एस के चौधरी ने कहा बच्चे बहुत प्रतिभावान होते हैं। छात्र नियमित स्कूल आएं। छात्र छात्राओं के लिए माता पिता के अलावा शिक्षक ही अच्छा सोचते हैं।व्यवहार समाज के दर्पण हैं। नशा छोड़ना आसान हो गया मोबाइल छोड़ना मुश्किल है। डॉ नफीस चौधरी ने कहा स्कूल को कोचिंग सेंटर न बनाएं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अभिभावक शिक्षक छात्र मौजूद रहे। विद्यालय के टॉपर बच्चों को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया गया।

इस अवसर पर प्रबंधक फैजान अहमद, सतीश कुमार प्रिंसिपल, मुजीबुल्लाह प्रिंसिपल, गौहर अली खान, मो अहमद, कायनात अहमद, जफीर अली करखी, मो कौसर, अब्दुल बारी, अब्दुर्रहीम, शमीम अहमद, महमूद अहमद, शैलेंद्र कुमार, मो अदनान, कमरे आलम सिद्दीकी, मकसूद नदवी, डॉ मो शफीक, मुनव्वर खान, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

# 548 गरीब बेटियों के हाथ हुए पीले

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल प्रागंण में मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़, विनय वर्मा एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली मैदान मे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 548 जोड़ो में हिन्दू समुदाय के 499 जोड़ों, तथा मुस्लिम समुदाय के 49 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। इस विवाह कार्यक्रम में हिन्दू परिवार के लोगों को पंडित द्वारा विवाह सम्पन्न कराया गया तथा मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा निकाह पढ़कर शादी/विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम हेतु सभी पंक्तियों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किये गये थे। मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने सभी अधिकारियों एवं उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री उ0प्र0 के निर्देशन में एवं जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व में भव्य रूप से सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। गरीब परिवारों के बेटियों को अपनी शादी धूमधान से होने की चिन्ता रहती है आज मुख्यमंत्री द्वारा उनकी चिन्ता को दूर करते हुये समान रूप से सामूहिक विवाह के माध्यम से भव्य रूप से करने का कार्य किया है। शादी के साथ ही आपको रोजगार मेला के माध्यम से रोजगार भी उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्यमंत्री जी गरीबों को समानता की श्रेणी में लाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। इसका परिणाम है कि आज इतनी बड़ी संख्या में गरीब परिवारों की बेटियों की शादी सम्पन्न हो रही है। सभी नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0ने कहा कि प्रत्येक जोड़े के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 35000 दिया जा रहा है तथा 10000 का सामान भी दिया गया है तथा 6000 बारात के स्वागत पर व्यय किया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा सभी नवयुगल जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल द्वारा विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में नवयुगल जोड़ों को सामूहिक विवाह प्रमाण-पत्र, सांकेतिक चेक एवं मिठाई प्रदान किया गया। संचालन नितेश पांडेय ने किया। समाज कल्याण विभाग के विनय कुमार पांडेय, अरविंद कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार यादव, सुधीर कुमार, हृदेश मिश्रा की भूमिका अहम रही। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत वैवाहिक साड़ी दुल्हन हेतु कढ़ाई युक्त उत्तम गुणवत्ता की, ब्लाउज, पेटीकोट सहित /सूट (मुस्लिम जोड़े हेतु), 02 अद्द, पैंट-शर्ट का कपड़ा 01 अद्द,, चुनरी 01 अद्द, फेटा (बड़ा गमछा 2.00 मीटर) 01 अद्द, दूल्हे हेतु पगड़ी, पायल (एक जोड़ी), बिछियां, बर्तनः- डिनर सेट (स्टेनलेसस्टील का), 01 नग कूकर 05 लीटर, ट्राली बैग, दीवाल घड़ी वैनिटी किट, ऊनी साल, मिठाई तथा प्रत्येक बधू के खाते में धनराशि रू0 35000.00 दिया गया।

## लेखपाल ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज कराई अवैध खनन की रिपोर्ट

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** हल्का लेखपाल द्वारा अज्ञात खनन माफियाओं के खिलाफ क्षेत्र में चोरी छिपे अवैध रूप से खनन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। क्षेत्र के राजस्व ग्राम अकबराबाद में तैनात लेखपाल नवीन कुमार ने पुलिस को तरहरीर देकर बताया कि कल रात उनको सूचना मिली कि राजस्व ग्राम अकबराबाद की गाटा संख्या 1 रकवा 6.608 हेक्टेयर से कुछ खनन माफियाओं द्वारा अवैध रूप से राजस्व को नुकसान पहुँचाते हुए चोरी से बालू का खनन कर वाहनों से ले जाया रहा है।

इस सूचना से उपजिलाधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के उपरांत जब वह दिन में मौके पर पहुँचे तो देखा कि उक्त गाटा संख्या के आंशिक भाग से काफी मात्रा में अवैध रूप से बालू का खनन कर चोरी से ले जाया जा चुका है और मौके पर खदान का गड्ढा बना पड़ा है। आसपास के लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि रात के अंधेरे में उत्तराखण्ड के काशीपुर सहित स्थानीय तहसील क्षेत्र के कुछ खनन माफिया चोरी से अवैध खनन कर उसे वाहनों में भरकर ले जाते हैं।

लेखपाल ने बताया कि उन्होंने मौके पर किसी को खनन की चोरी करते हुए नहीं पाया है ।लेकिन मौका मुआयना और स्थानीय लोगों की जानकारी के आधार पर, यह स्पष्ट होता है कि कोसी नदी और आसपास क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा चोरी छिपे अवैध खनन की गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।

हालांकि, मौके पर प्रत्यक्ष रूप से किसी को खनन करते हुए नहीं देखा गया, लेकिन वहाँ बने गड्ढे और स्थानीय निवासियों के बयान इस ओर संकेत देते हैं कि कुछ खनन माफिया सक्रिय हैं ।पुलिस ने प्राप्त तरहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवर अभियंताओं ने विद्युत सुधार गोष्ठि कर बेहतर उपभोक्ता सेवा और विद्युत व्यवस्था सुधार पर की चर्चा

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन शाखा हाथरस द्वारा विद्युत सुधार गोष्ठी का आयोजन संगठन कार्यालय ओढ़पुरा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इं सुरेन्द्र सिंह, अध्यक्ष-आरवीपीजेईएस डीवीवीएनएल ऊकरउडट मुख्य अतिथि, द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की जिसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित जनपद हाथरस के सभी अवर/प्रोन्नत अभियंताओं ने विद्युत व्यवस्था सुधार ओर बेहतर उपभोक्ता सेवा के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

सभा में उपस्थित इं सुरेन्द्र सिंह, डिस्काम अध्यक्ष आगरा जी ने कहा कि सभी अवर और प्रोन्नत अभियंता उपभोक्ताओं से बेहतर संवाद बनाकर उनकी समस्याओं को यथासंभव निस्तारण कराने को प्रयासरत रहें, पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल के निजीकरण होने के बाद उत्तर प्रदेश के गरीब, किसान भाइयों को महंगी दरों पर विद्युत आपूर्ति की जाएगी जिस प्रकार महाराष्ट्र उड़ीसा गुजरात अन्य प्रदेशों में जहां पर निजीकरण पूर्व में किया जा चुका है विद्युत महंगी दरों पर दी जा रही है। विभाग के अंदर सुधार कार्यक्रमों के द्वारा स्थितियां बदली जा सकती हैं।

कॉरपोरेशन में केस्को का प्रदर्शन इसका जीता जागता उदाहरण है, जहां ऊर्जा प्रबंधन एवं विद्युत कर्मियों के संयुक्त प्रयास से विद्युत वितरण व्यवस्था वित्तीय रूप से एवं बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने में सक्षम बनी। इसके अतिरिक्त देश के कई सार्वजनिक उद्यम जैसे एनटीपीसी, एनएचपीसी, बीएचईएल आदि द्वारा अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मिसाल कायम की गई है। इनका अध्ययन कर कॉरपोरेशन की कार्य प्रणाली में सकारात्मक बदलाव किए जाने चाहिए। इं अजय कुमार, संगठन सचिव ने कहा कि यही वो कार्मिक हैं जो कोविड जैसी महासंकट के समय दिन रात कार्य करके बिजली व्यवस्था बनाए हुए थे ताकि लॉकडाउन मैं अस्पतालों और उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति होती रहे अवर अभियंता दिन रात लगातार कार्य करते हैं संसाधन और मटेरियल की भारी कमी के बाद भी लगातार विद्युत आपूर्ति बनाए रखने का कार्य करते हैं। प्रबंधन को जमीनी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संगठन के सुझावों पर ध्यान देना चाहिए जिससे बेहतर उपभोक्ता सेवा को चरितार्थ किया जा सके। संगठन का मानना है कि विभाग में नई तकनीकों का अधिकतम प्रयोग करके कार्य दक्षता/पारदर्शिता को बढ़ाया जाए साथ ही हर स्तर पर कार्य की ज़िम्मेदारी/ जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।

## तगादा करने पर मारपीट महिला समेत तीन घायल

**बुलंदशहर।** सिकंदराबाद क्षेत्र के बवैया विश्वना गांव में रुपये के तकादे पर मारपीट का मामला सामने आया है। हमले में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बवैया विश्वना में रुपयों का तकादा करने पर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बबैया विश्वना निवासी आकाश ने बताया कि 3 साल पूर्व गांव निवासी डोलू ने उससे 3 हजार लिए थे। उसने रुपये मांगे तो डोलू, राजवीर, विजयपाल और अज्ञात लोगों ने उन पर लाठी- डंडों से हमला कर दिया। जिसमें वह उसका भाई और मां घायल हो गए।

## गांधी बाग की सफाई व्यवस्था चरमराई

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** गांधी बाग बना कुडा बाग यह बात हम नहीं यहां आने वाले परिवार व आम लोगों कह रहे है उन्होंने कहा ऐंट्री गेट पर शुल्क लिया जाता है लेकिन साफ-सफाई के नाम पर गंदगी देखने को मिलती है फुटपाथ टाइलेट व बच्चा पार्क में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है इसको लेकर कुछ लोगों ने गांधी बाग सुपरवाइजर राजकुमार शर्मा कै घेरा उन्होंने कहा 5 फरवरी से साफ-सफाई का जिम्मा प्राईवेट ऐजेंसी को दिया गया है उन्होंने बताया गांधी बाग में चौदह टाइलेट फुटपाथ रोड व बच्चा पार्क में साफ-सफाई व कुड़ा उठाने की जिम्मेदारी ऐजेंसी कर्मचारियों की है। फिर भी उनके द्वारा आज बच्चा पार्क की सफाई व कुड़ा उठाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली लगा कुड़ा उठाने का कार्य कैंट बोर्ड मालियों से कराया जा रहा है।

उन्होंने गांधी बाग की साफ सफाई व्यवस्था सुचारू की शिकायत विभाग के अधिक्षक वीके त्यागी व सुपरवाइजर अभिषेक गंगवार को भेज दी है।

आरोप है ठेकेदार द्वारा दो कर्मचारियों को भेजा जाता है और ये कर्मचारी दिन में चार बार हाजरी लगाने रजबन कार्यालय जाते हैं, आरोप है आधा समय तो आने जाने में ही लगा देते हैं उन्होंने कहा गांधी पार्क की साफ-सफाई के लिए फुल टाइम पांच कर्मचारियों की आवश्यकता है। बता दें कैंट बोर्ड ने कैंट के पांच वार्डों की साफ-सफाई का ठेका प्राईवेट ऐजेंसी को सात करोड़ में दिया गया है जिसमें गांधी बाग भी ठेकेदार के अंडर में है।

## रिश्वत लेते पकड़ा गया ड्राइवर निलंबित, खंड शिक्षा अधिकारी फरार, मांगा चिकित्सा अवकाश

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को बिथरी के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के चालक वीरपाल को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। शनिवार को बीईओ मुख्यालय ने आरोपी ड्राइवर को निलंबित कर दिया, जबकि बीईओ अवनीश प्रताप सिंह फरार हो गए और उन्होंने चिकित्सा अवकाश के लिए आवेदन कर दिया। कैंट क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी मोहम्मद इलियास, जो सैदपुर कुर्मियान स्थित पीएमश्री विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं, का अप्रैल और मई 2024 का वेतन रुका हुआ था। वेतन जारी कराने के नाम पर उनसे पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई। इस पर उन्होंने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। गुरुवार को टीम ने कार्रवाई करते हुए रिश्वत लेते समय बीईओ के चालक वीरपाल को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान बीईओ अवनीश प्रताप सिंह मौके से फरार हो गए। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। शनिवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) संजय सिंह की अनुमति के बाद बीईओ मुख्यालय के दिनेश चंद्र जोशी ने चालक वीरपाल को निलंबित कर दिया। वहीं, बीईओ अवनीश प्रताप सिंह ने चिकित्सा अवकाश की मांग करते हुए खुद को अनुपस्थित कर लिया है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि चालक को निलंबित कर दिया गया है और बीईओ के खिलाफ रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश प्रताप सिंह पहले राजस्व विभाग में लेखपाल के पद पर कार्यरत थे। इसके बाद उन्होंने 69,000 सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा पास की और उनका चयन सहायक अध्यापक के रूप में हुआ, लेकिन वे मात्र एक दिन ही इस पद पर कार्य कर सके। अगले ही दिन खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर उनका चयन हो गया।

## टेंडर नहीं हो पाने से फिर टली मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की तिथि

**बुलंदशहर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 25 फरवरी को होने वाले सामूहिक विवाह के आयोजन की तिथि एक बार फिर टल गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी न होने की वजह से यह दिक्कत हुई है। अफसरों का दावा है कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर आयोजन की नई तिथि जारी कर दी जाएगी। प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी नीलम चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 10 हजार रुपये का सामान विवाह समारोह में शामिल होने वाली दुल्हन को दान स्वरूप दिया जाता है। वहीं आयोजन में भोजन व अन्य व्यवस्था करनी होती है। इसके लिए पहले पांच और दूसरी बार तीन फर्मों ने आवेदन किया था। लेकिन राशि कम होने की वजह से टेंडर नहीं लिया।

## प्रैस क्लब की पुनः स्थापना को लेकर पत्रकारों की बैठक में तीन सदस्य संविधान समीति की घोषणा

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** रविवार को मंगल पांडे नगर स्थित मीडिया सेंटर में मेरठ के पत्रकारों की एक बैठक आयोजित की गई बैठक का मुख्य एजेंडा प्रेस क्लब की पुनः स्थापना व पत्रकारों के हित की रक्षा करना मुख्य बिंदु रहे। इस बैठक की अध्यक्षता इंद्र मोहन आहूजा व संचालन दिनेश चंद्रा ने की।

बैठक के प्रारम्भ में मुख्य एजेंडे पर चर्चा करते हुए प्रेस क्लब के संविधान के गठन करने पर विचार विमर्श किया गया। तीन वरिष्ठ पत्रकार इंद्र मोहन आहूजा (दैनिक युवा रिपोर्टर) वरिष्ठ पत्रकार रवि शर्मा और मुकेश गोयल ( दैनिक हिन्दू)को संविधान समीति के लिए नामित किया गया। हालांकि इन नामों को लेकर पत्रकार अतुल माहेश्वरी ने विरोध करते हुए कहा पुरानी समीति सदस्य को न बनाया जाए वही पत्रकार मुकेश गुप्ता ने इंद्र मोहन आहूजा के नाम का विरोध किया इस दौरान बैठक में पत्रकारों के बीच तीखी नौकझौक हुई। अंतः आखिर में इन तीनों नामों पर बैठक में घोषणा कर दी गई। इससे पूर्व वरिष्ठ पत्रकार अशोक टाइगर (दैनिक वीर अर्जुन) ने अपने सुझाव रखते हुए कहा प्रैस क्लब कार्यकारिणी के गठन के समय में पत्रकारों की संख्या के अनुपात को ध्यान में रखते हुए संपादक/संस्थानों के मालिक व पत्रकारों की संख्या बराबर रखीं जाए, 51 सदस्यों की कार्यकारिणी बनाई जाए वहीं दैनिक जागरण में रहे वरिष्ठ पत्रकार रवि शर्मा ने कहा वोटिंग का अधिकार सभी को नहीं दिए जाने चाहिए, इसके पीछे उन्होंने कहना था कि कुछ समाचार पत्र अपने बैनर से बाहरी लोगों को रखकर इसका गलत इस्तेमाल कर सकते हैं। इनके अलावा लियाकत मंसूरी मुकेश गुप्ता आदि पत्रकारों ने अपने सुझाव रखे। अंत में दिनेश चंद्रा ने कहा कि समिति जो भी संविधान बनाएगी उसे रविवार को प्रस्तुत कर सभी पत्रकारों की राय ली जाएगी और उसके बाद सभी पत्रकार इस पर अपना विचार रखेंगे इसके पश्चात संविधान बनाकर कार्य किया जाएगा।

बैठक में विपिन हरित (दिव्य चैनल), हाशमे आलम (जन माध्यम) सुल्तान अहमद, गौरव, राहुल ठाकुर ( दैनिक विधान केसरी), विकास दीप त्यागी (दैनिक यूरेशिया), आकाश कुमार (दैनिक जनवाणी), संजीव तोमर, संजीव शर्मा, राजेश शर्मा, अशोक गोस्वामी, अक्षय भारद्वाज, शाहीन परवीन, पूजा रावत, नावेद खान, रिदा खान, लियाकत मंसूरी, संदीप चौधरी, अशोक टाइगर व नरेंद्र शर्मा आदि पत्रकार शामिल रहे।

## भाजपा सरकार समाज में केवल भय, भूख और भ्रष्टाचार फैलाने में अधिक मशगूल : चन्द्रभान पहलवान

वेलकम इण्डिया




**सिद्धार्थनगर।** सपा नेता व पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कपिलवस्तु चन्द्रभान पहलवान के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु के कोलहूवा ढाला में पीडीए जनपंचायत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चन्द्रभान पहलवान ने भाजपा की नाकामियों को गिनाते हुए युवाओं, किसानों, व्यापारियों व आम जनता से महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को खत्म करने व संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए भाजपा को सत्ता से हटाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में सभी जनकल्याणकारी योजनाएं बन्द है। सपा के मुखिया समाज के हर वर्ग में खुशहाली लाना चाहते है। दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों का कोई पुरसाहाल नहीं है। सपा नेता अयान भ्रमर ने कहा भाजपा समाज को बांटकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समाज में केवल भय, भूख और भ्रष्टाचार फैलाने में अधिक मशगूल है।

आम आदमी अपने भविष्य को लेकर चिन्तित है। इस सरकार में सभी समाज के लोग परेशान हैं। मंहगाई चरम पर है। युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। गरीब और गरीब होता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार से त्रस्त है। जनता आगामी चुनाव 2027 में भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेगी और समाजवादी पार्टी को जिताकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश में खुशहाली लाने का काम करेगी।

इस दौरान उग्रसेन प्रताप सिंह ने पीडीए के लोगों से एकजुट होने का आह्वान भी किया। अन्त में सभी लोगों ने संविधान और बाबा साहेब के सम्मान को बचाने के लिए संकल्प लिया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अकबाल हुसेन एवं संचालन शमीम खां ने किया।

## यूपी बोर्ड का पहला पेपर आज !

**बुलंदशहर।** यूपी०बोर्ड परीक्षा के दौरान नकल करते पकड़े जाने पर संबंधित परीक्षार्थी पर एफआईआर० दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। वहीं केंद्र में गड़बड़ी मिलने पर केंद्र व्यवस्थापक और परीक्षकों पर कार्रवाई होगी। साथ ही प्रत्येक केंद्र पर चार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। स्ट्रांग रूम में दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। यूपी०बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी सोमवार से शुरू हो रही है। जिले में परीक्षा को नकल विहीन और शांतिपूर्वक कराने की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। राजकीय इंटर कॉलेज में बने कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों व अन्य उपकरण से जोड़ दिया गया है। केंद्रों पर सीटिंग प्लान तैयार कर रूम लॉक कर दिए गए है। कक्ष निरीक्षकों के अलावा सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि की ड्यूटी लगा दी गई है। उड़नदस्ते भी गठित कर दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि परीक्षा के दौरान अधिकारी, कर्मचारी या परीक्षा के संचालन के लिए लगाए गए प्रबंधन व कर्मचारी द्वारा परीक्षार्थी को अनुचित सहायता देने पर 10 साल का कारावास एवं 10 लाख का जुर्माना देना होगा।

## नाबालिग लड़की को एसएसबी ने पकड़कर एएचटीयू को किया सुपुर्द

वेलकम इण्डिया

**खुनुवां/सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनवा के जवानों ने एक नाबालिक लड़की को ए0.एच0.टी0, यू0. पुलिस को सुपुर्द किया। एसएसबी को सूचना कि भारत से एक नाबालिक लड़की नेपाल ले जाने की फिराक में है कअतः गस्ती दल द्वारा आने-जाने वालो पर गहनता से नजर रखा जाने लगा और कुछ समय के उपरांत देखा गया कि एक नाबालिक लड़की भारत से नेपाल की तरफ जा रही है क संदेह के आधार पर गस्ती दल द्वारा उसे रोककर पूछताछ किया गया, तो उनके द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं बताया गया।

मामला संदेहात्मक प्रतीत होने के कारण कमांडर द्वारा समवाय प्रभारी तथा उसके उपरांत मानव सेवा संस्थान ककरहवा, मानव तस्कर रोधी ईकाई स0सी0ब0 66वीं वाहिनी एवं मानव तस्कर रोधी ईकाई उत्तर प्रदेश पुलिस सिद्धार्थनगर को सूचित किया गया। सभी टीमों द्वारा गहनता से पूछताछ किया गया जिसके दौरान लड़की ने बताया कि वह एक लड़की से प्यार करती है और उसी के साथ घर से भाग कर नेपाल जा रही थी परन्तु नेपाल सीमा के नजदीक करहिया गाँव के पास वह लड़की झांसा देकर मुझे अकेले छोड़कर भाग गयी क तथा उसने बताया कि वह परिवार वालों को कोई जानकारी दिये बिना घर से नेपाल जा रही थी। लड़की के परिवार वालों से सम्पर्क किया गया तो उसकी माँ से ने बताया कि उनकी लड़की रविवार से ही घर से लापता है जिसे नेपाल न जाने दिया जाये क चूँकि लड़की नाबालिक थी और अगर लड़की गलत हांथो में पड़ जाती तो ये मानव तस्करी जैसे कृत्य का शिकार हो सकती थी, अतः लड़की की सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए अग्रिम कारवाई हेतु नाबालिक लड़की को एएचटीयू 66वी वाहिनी, एम.एस.एस. की उपस्थिति में एएचटीयू पुलिस सिद्धार्थनगर को सुपुर्द किया गया। एसएसबी कमांडेंट ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये नाका, पेट्रोलिंग एवं अन्य प्रचालन गतिविधियों द्वारा 43वी वाहिनी एस.एस.बी निरन्तर प्रयासरत है एवं अवैध रूप से हो रही तस्करी के सामान, मानव तस्करी, नशीली दवा, अवैध मुद्रा व वन्य जीव और उत्पाद को जब्त किया जा रहा है।

# यूपी में कृषि, पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा सभी सेक्टर में स्टार्टअप की अपार संभावना, आइडिया के साथ टेक्नोलॉजी को भी जोड़े युवा - सीएम योगी

**वेलकम इंडिया**




**आगरा।** आगरा मा.मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी, यूनिकॉर्न कंपनीज के कॉन्क्लेव में भाग लेने हेतु खेरिया एयरपोर्ट पहुंचे, जहां जनपद के मा.जनप्रतिनिधियों केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल जी, मा. सांसद फतेहपुर सीकरी राजकुमार चाहर जी, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन जी, कैबिनेट मंत्री मती बेबी रानी मौर्य जी, होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति जी, जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 मंजू भदोरिया जी, महापौर मती हेमलता दिवाकर कुशवाहा जी, एवं माननीय विधायक चौधरी बाबूलाल जी, पुरुषोत्तम खंडेलवाल जी, भगवान सिंह कुशवाहा जी, डॉ. धर्मपाल जी, डॉक्टर जीएस धर्मेश जी, छोटेलाल वर्मा जी, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे जी, भाजपा जिला अध्यक्ष गिरिराज सिंह कुशवाहा जी, तथा मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, एडीजी मती अनुपम कुलश्रेष्ठ, आईजी दीपक कुमार, जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी जी ने मा.मुख्यमंत्री जी को पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात मा. मुख्यमंत्री जी ग्रिफिन रिट्रीट के तत्वावधान में यूनिकॉर्न स्टार्टअप कंपनीज के कॉन्क्लेव में भाग लेने हेतु होटल अमर विलास पहुंचे।

मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी का ब्रज भूमि में स्वागत है, मा. मुख्यमंत्री जी ने यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव को स्टार्टअप यूनिकॉर्न महाकुंभ कहते हुए कहा कि आज हर तरफ महाकुम्भ चर्चा में है, हमारे महाकुंभ की समृद्ध आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पृष्ठभूमि रही है लंबे कालखंड से इसने हमारी संस्कृति को प्रभावित किया है। मा.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि अब हमारा युवा जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनेगा, स्टार्टअप इंडिया पूरी दुनियां में छाया हुआ है, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में स्टार्टअप फील्ड में जो प्रभावी कदम उठाए गए उनका प्रतिफल है कि आज अकेले उत्तर प्रदेश में 14 हजार से अधिक स्टार्टअप हैं उल्लेखनीय ये है कि इसमें भी 7 हजार अकेली महिला लीड कर रही हैं, सभी स्टार्टअप प्रारंभ करने वालों ने अलग अलग सेक्टर में नया कर के दिखाया है मा. मुख्यमंत्री जी ने फिजिक्स बाला स्टार्टअप का उदाहरण देते हुए कहा कि क्या आप सोच सकते थे कि यूपी में फिजिक्स बाला भी यूनिकॉर्न बन सकता है, पहले छात्रों को अवसर नहीं मिलते थे प्रतियोगी छात्रों ने इसे हाथों हाथ लिया, अविकसित दूरदराज के क्षेत्रों तक फिजिक्स बाला पहुंचा, जब आइडिया के साथ टेक्नोलॉजी जुड़ती है फिजिक्सवाला यूनिकॉर्न बन जाता है।

मा. मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाओं वाले क्षेत्रों का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में उत्पाद को फूड प्रोसेसिंग व एक्सपोर्ट के साथ जोड़ दें तथा वैज्ञानिक तरीके से सिंचाई, बुवाई करें तो तीन गुना तक उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में स्टार्टअप की अपार संभावनाओं को इंगित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन स्थलों की समृद्ध विरासत रखता हैं महाकुंभ 3.5 लाख करोड़ की इकोनॉमी ग्रोथ देगा, विगत 20 दिन में अयोध्या में 700 करोड़ रुपए आए, ईको टूरिज्म में भी अपार संभावना छिपी हैं, एजुकेशन सेक्टर के साथ ही मेडिकल क्षेत्र में भी नवोन्मेष हो प्रत्येक जिले में सरकार मेडिकल कॉलेज खोल रही है सिर्फ 06 जिले और शेष हैं इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचसी पीएचसी को लगातार विकसित किया जा रहा है मा. मुख्यमंत्री जी ने ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने से डॉक्टरों की अरुचि का जिक्र करते हुए बताया कि लगातार अच्छे डॉक्टर वहां तैनात करने हेतु प्रयास किया जा रहा है लेकिन गांव में भी अब इंटरनेट, टेक्नोलॉजी पहुंच गई है अब फिजिक्स बाला की तरह ही अच्छे डॉक्टर्स ऑनलाइन परामर्श हेतु उपलब्ध हो रहे हैं इस क्षेत्र में भी स्टार्टअप की संभावना को प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि सरकार हर स्तर पर सहयोग को तैयार है, आप स्टार्टअप शुरू करें और उत्तर प्रदेश को 2029 तक 01 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में अपनी भूमिका अदा करें।

# मुस्कान ड्रीम फाउण्डेशन ने ज्योतिषी शैलेन्द्र पयासी को राष्ट्रीय समाज रत्न से सम्मानित किया

**वेलकम इंडिया**




**कटनी–** जिले की अग्रणी और समाजिक कार्यो में सक्रिय भूमिका निभाने वाली संस्था मुस्कान ड्रीम फाउण्डेशन की समाजसेविका, चेयर पर्सन एवं अधिवक्ता आदरणीया मंजूषा गौतम ने कटनी जिले के विजयराघवगढ़ तहसील के युवा साहित्यकार, स्वतंत्र पत्रकार एवं अंक ज्योतिषी आदरणीय शैलेन्द्र पयासी जी को उनकी साहित्य सेवा एवं पत्रकारिता क्षेत्र में निरंतर योगदान के लिए स्व. पं भोलानाथ गौतम जी की समृति में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सम्मान रत्न सम्मान से सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर उनके मित्र बंधुओं एवं समाज, परिवार क्षेत्र के लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर शैलेन्द्र पयासी जी को ऐसे ही निरंतर पत्रकारिता, साहित्य में आगे बढ़-चढ़ कर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। सोशल नेटवर्क, फेसबुक, वाट्स ऐप के माध्यम से भी लगातार बधाईयां प्राप्त हो रही हैं। विजयराघवगढ़ में खुशी की लहर व्याप्त है शैलेन्द्र पयासी जी ने सभी साहित्य बंधुओं, सभी पत्रकार साथियों एवं रिश्तेदार को बहुत बहुत धन्यवाद व्यक्त किया तथा सभी से ऐसे ही कृपा आशीर्वाद बनाए रखने की निवेदन किया।।

# दबंगों ने घर में घुसकर बुजुर्ग महिला को पीटा पुलिस नहीं कर रही है कार्यवाही

**अयोध्या (वेलकम इंडिया)**



कोतवाली इनायत नगर में एक बुजुर्ग महिला पर दबंगों द्वारा किए गए जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार पुलिस से गुहार लगा रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

घटना 21 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे की है। ईटगांव निवासी अंकुर सिंह की दादी पर उनके ही गांव के शिवम सिंह, अमित सिंह, देवांस सिंह और पुष्पा सिंह ने हमला किया। आरोपी बांका और कुल्हाड़ी लेकर अंकुर के घर में घुस आए। उन्होंने बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण पीड़िता को पहले सामुदायिक केंद्र मिल्कीपुर ले जाया गया। वहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर स्थित ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी दबंग किस्म के लोग हैं। वे लगातार परिवार को प्रताड़ित करते हैं। इस मामले की शिकायत कई बार पुलिस और उच्चाधिकारियों से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी अब खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि बिना एक-दो लोगों को जान से मारे उन्हें चैन नहीं है। पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। उनका कहना है कि आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए और उन्हें दंडित किया जाए। परिवार डरा और सहमा हुआ है।

# वार्षिक उत्सव में अवध यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर बोले, अभिभावक भी दे छात्रों पर ध्यान

**अयोध्या (वेलकम इंडिया)**




**मिल्कीपुर, अयोध्या।** जिले के हैरिंग्टनगंज शिक्षा क्षेत्र के गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में आज रविवार को 12वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपचुनाव सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद और विशिष्ट अतिथि के रूप में अनूप सिंह मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अजीत प्रसाद ने कहा कि शिक्षक छात्रों का व्यक्तित्व विकसित करते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों को परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों में शिक्षकों के सहयोग और छात्रों की मेहनत की सराहना की। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा समाज में घटित हो रही कुरीतियों को भी नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। सपा नेता अनूप सिंह ने कहा कि शिक्षा हर क्षेत्र में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने बताया कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छे विद्यालय हैं। यहां के छात्र शहरी बच्चों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। विद्यालय प्रबंधक उमाशंकर शुक्ला ने विद्यालय को मंदिर बताते हुए अभिभावकों से नियमित बैठकों का आग्रह किया। कार्यक्रम में छात्रों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत और डिबेट प्रस्तुत किए।

अवध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की तरह अभिभावकों को भी बच्चों पर ध्यान देना चाहिए। बच्चे स्कूल से ज्यादा समय घर पर बिताते हैं। कक्षा 12 तक की अच्छी शिक्षा छात्र के भविष्य की राह खोल देती है। और वह अपने मुकाम को आसानी से हासिल कर लेते हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप प्रबंधक रमाशंकर शुक्ल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक गायत्री देवी, विद्यालय की प्रधानाचार्य सिखा दुबे, प्रभा शंकर शुक्ला, पंकज शुक्ला, अवधेश सिंह, अभिषेक तिवारी महाकाल, अखिलेश तिवारी, गजराज यादव, राजीव दुबे, ज्ञानी यादव, विकास सिंह, राम औतार प्रजापति, महेंद्र सिंह, सहाबदीन सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे।

# हाथरस पुलिस अधीक्षक से महिला ने की सुरक्षा की मांग

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** हाथरस में प्राथीर्या बबली देवी पत्नी स्व० भोला शंकर निवासी ग्राम कछपुरा हतीसा भगवन्तपुर थाना हा० गेट जिला- हाथरस की रहने बाली है। प्रार्थिया का पुत्र जीतू गलत संगत व अराजक तत्वों व बुरी संगत में पड़ गया है। कहना नहीं मानता गाली गलौज व मारपीट करता है और जबरदस्ती पैसे लेकर उल्टे सीधे कामों में लगाता है जब उससे इस बारे में कहन सुनन करते हैं तो घर में झगडा फसाद करने पर उतारू हो जाता है और परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देता है। जिससे प्रार्थिया व उसका पूरा परिवार काफी दुखी व मयभीत है। अब प्रार्थिया ने अपने पूरे परिवार के साथ पुत्र जीतू से अपने सम्बन्ध विच्छेद करने का निर्णय लिया है। अगर भविष्य में प्रार्थिया का पुत्र किसी भी व्यक्ति से कोई लेन-देन करता है या किसी व्यक्ति के साथ गाली गलौज व मारपीट करता है या कोई अपराधिक व कृत्य करता है। तो उसके लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। प्रार्थिया अपने पूरे परिवार के सहित अपने पुत्र जीतू से सम्बन्ध व रिश्ते समाप्त करती है जीतू को प्रार्थिया अपनी चल व अचल सम्पत्ति से आज दिनांक से बेदखल करती है।

# गागलहेडी थाना प्रभारी सुरेश कुमार बहुत ही अच्छे व्यवहार के व्यक्ति हैं

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** मेहनत योग्यता वाले गागलहेडी थाना प्रभारी अलग ही पहचान के लिए जाने जाते हैं पुलिस विभाग या फिर जनता में अपनी बेहतरीन कार्य शैली के लिए मशहूर गागलहेडी थाना प्रभारी सुरेश कुमार इनका पूर्व का कार्यकाल बताता है कि उन्होंने पुलिस के गौरव को बढ़ाने के साथ जनता में अपनी अलग खास पहचान कायम की है कहीं भी रहे हो अपनी कार्य कुशलता वह दबंगता का लोहा बनवाया है जिला सहारनपुर के गागलहेडी थाना प्रभारी सुरेश कुमार व्यवहार कुशलता के धनी होने के साथ साथ पुलिस विभाग में अपनी अलग पहचान रखते हैं।

गागलहेडी थाने का क्षेत्रफल काफी लंबा है, कई गांव संवेदनशील श्रेणी में भी आते हैं लेकिन उन्होंने अपनी लगन मेहनत एव तत्परता के दम पर शीर्ष अधिकारियों को विश्वास में लेकर सदैव बेहतर करने का प्रयास किया अपने अधिकारियों के मार्ग निर्देश में बेहतर कार्य करते हुए गागलहेडी थाना प्रभारी सुरेश कुमार सदैव खरा उतरने की कोशिश में रहे हैं चौकी प्रभारी रहते हुए अपनी सेवाओं के दौरान जनता के दिलों पर छाप छोड़ अपने अधिकारियों के नेतृत्व में सुरेश कुमार ने एक से बढ़कर एक गुड वर्क किया सबसे परिपूर्ण कानून व्यवस्था को मजबूत बनाकर रखा सुरेश कुमार का अबतक का कार्यकाल सहनीय सेवाओं के साथ निर्विवाद रहा अब सुरेश कुमार के थाना गागलहेडी थाना अध्यक्ष बनने के बाद से अपराधों पर काफी हद तक निरंतर हुआ है।

# स्वच्छ जल स्वच्छता की ओर एक सार्थक कदम: निरंकारी मिशन

**अयोध्या (वेलकम इंडिया)**



**मिल्कीपुर।** निरंकारी मिशन प्रोजेक्ट का तृतीय चरण में स्वच्छ जल स्वच्छता की ओर एक सार्थक कदम के तहत संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार बनाने के लिए प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ करते हुए रविवार 23फरवरी को अयोध्या के ब्रांच इनायत नगर मिल्कीपुर क्षेत्र के गहनाग बाबा देव स्थान के सरोवर पर गहनाग बाबा स्थान के महंत मंशाराम के उपस्थिति में सेवादलो व संत महापुर्षो के द्वारा सफाई कार्य कर शुरूवात किया गया जिसमे ब्रांच के मुखी मा0विजय चौरसिया व जितेंद्र जी मधूबन मौर्य जी द्वारिका प्रसाद जी व सीमा जी मिथिलेश जी माननीय शोभित राम जी माननीय राजेंद्र सिंह यादव जी कौशल जी सहित अन्य सैकड़ो महात्माओं ने अपना भरपूर सहयोग दिया सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महराज के संदेश को आगे बढ़ाया उसे क्षेत्र के लोगों ने की भूरि भूरि प्रशंसा की बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्म दिवस को स्वच्छता से जोड़ने पर एक अच्छा कार्य और सराहनीय कार्य की संज्ञा दी लोगों ने निरंकारी मिशन से जुड़े सभी मुखी व महात्माओ के माध्यम से हरदेव सिंह जी महराज को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी और हरदेव सिंह जी महाराज के बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा ली।

# स्वायत शासन कर्मचारी संगठन के द्वारा एक अधिवेशन का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**कांधला।** नगर के नगर पालिका प्रांगण में स्वायत शासन कर्मचारी संगठन के द्वारा एक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें निकाय कर्मियों की स्थानीय एवं प्रान्तीय समस्याओं पर विचार विमर्श कर उनके निस्तारण पर जोर दिया गया। रविवार को नगर पालिका परिषद के प्रांगण में स्वायत शासन कर्मचारी संगठन के द्वारा एक अधिवेशन का आयोजन किया गया।अधिवेशन में निकाय कर्मी के प्रतिनिधियों द्वारा निकाय कर्मियों की स्थानीय एवं प्रान्तीय समस्याओं के सम्बन्ध में प्रकाश डाला। इससे पूर्व में सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन को निरन्तर कई बार 20 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में मांग पत्र प्रेषित किए जा चुके है। 20 सूत्रीय मांग पत्र में संविदा कर्मियों के द्वारा 20 जुलाई 2012 के शासनादेश के तहत निकाले गए कर्मचारियों की सेवा बहाली एवं विनियमितीकरण एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, सफाईकर्मी, पोर्टर, पम्प, ऑपरेटर, माली आदि पदों पर कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को नियमित किए जाने राज्य कर्मचारियों की भांति कैसलैस उपचार की सुविधा निकाय कर्मियों व पेंशन भोगियों को प्रदान किए जाने प्रान्तीय पदाधिकारियों को स्थायी रूप से सचिवालय प्रवेश सुविधा और दारूलसफा में संगठन को एक स्थायी कार्यालय आवंटन किए जाने की व्यवस्था लिपकीय संवर्ग में राज्य कर्मचारियों की भांति प्रशासनिक अधिकारी पद तक पदोन्नत किए जाने, चुंगी समाप्ति के समय शासन द्वारा किए गए संगठन से समझौते के अनुसार प्रतिवर्ष राज्य निकायों की धनराशि में 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने ठेका प्रथा/आउट सोर्सिंग/ सेवा प्रदाता तथा समाप्त किए जाने राजस्व संवर्ग में कर निरीक्षण श्रेणी 2 की पदोन्नित राजस्व निरीक्षक पर किए जाने जलकर विभाग में पम्प चालकों का ग्रेड पे 1800 किए जाने आदि मांगों पर गंभीरता से किए गए अधिवेशन के निर्णय अनुसार यदि सरकार/ शासन कर्मचारियों की मांगों का समय रहते, निर्धारित अवधि में निरस्तारण नहीं करता है।

# क्रेन चालक ने घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थानाक्षेत्र में सीवर लाइन डाल रहे क्रेन चालक ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया। इस दौरान अश्लील वीडियो बनाया, जिसे वायरल करने की धमकी आरोपी ब्लैकमेल कर रहा था। पीड़िता के घर पर इसका पता चला, जिससे वह मानसिक तनाव में आ गईं। उनकी शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में महिला परिवार के साथ रहती हैं। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कॉलोनी में सीवर लाइन डाली जा रही है। इसमें कार्य करने वाला क्रेन चालक मनीष पीने का पानी मांगने के बहाने उनके घर आया। गेट लगाकर उन्हें पीछे से पकड़ लिया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसी दौरान उनका वीडियो भी बना लिया और धमकी देकर फरार हो गया। आरोपी बार–बार नंबर बदलकर उन पर संबंध बनाने का दबाव डाल रहा है और ऐसा न करने पर वीडियो वायरल करने की बात कहता है। पति को इस बारे में पता चलने पर उनके घर में झगड़ा हुआ, जिसके बाद से वह मानसिक तनाव में हैं। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी मनीष को गिरफ्तार कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


# *जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से 8.84 लाख की वसूली के लिए आरसी जारी, बीएसए पर भी जुमार्ना

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** न्यायालय नियंत्रक प्राधिकारी (आनुतोषिक भुगतान अधिनियम) एवं सहायक श्रमायुक्त बरेली ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंजना सिरोही से 8.84 लाख रुपये की वसूली का आदेश दिया है। न्यायालय से जारी वसूली प्रमाणपत्र के कलेक्ट्रेट पहुंचने पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संतोष बहादुर सिंह के निर्देश पर तहसील सदर की टीम ने आरसी जारी की। साथ ही, एलडीएम से अधिकारी के बैंक खातों की जानकारी मांगी गई है। दरअसल सहायक श्रमायुक्त न्यायालय ने नसीरन खातून, पत्नी स्व. हशयत यार खान के अनुतोषिक भुगतान मामले में सुनवाई कर 16 दिसंबर 2023 को 8,84,972 रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया था। राज्य सूचना आयोग ने निर्धारित समय पर सूचना उपलब्ध नहीं कराने के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) संजय सिंह पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। तहसील सदर की टीम ने इस जुमार्ने की वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी है।बीएसए ने 21 फरवरी को डीएम को पत्र लिखकर अर्थदंड की वसूली स्थगित करने का अनुरोध किया। पत्र में उन्होंने बताया कि जब वह एटा जिले में जनसूचना अधिकारी के रूप में तैनात थे, तब 8 नवंबर 2023 को संयुक्त रजिस्ट्रार, उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग, लखनऊ ने यह अर्थदंड लगाया था। आयोग ने इसकी वसूली के निर्देश भी दिए थे। बीएसए ने आदेश वापसी के लिए 28 अप्रैल को सुनवाई की तिथि निर्धारित किए जाने की जानकारी दी है। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की कोर्ट से जारी वसूली पत्र के तहत तहसील सदर की टीम ने अनिल बनाम पप्पू लाल पुत्र टीकाराम निवासी गुलाबनगर झिंगरी, नवीनगर थाना कैंट के खिलाफ कुर्की आदेश जारी किया। जिसमें दो वसूली प्रमाणपत्र जारी होने के बावजूद 2,69,464 रुपये जमा न करने पर पप्पू लाल की कृषि भूमि कुर्क की गई।



## 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, शिव भक्त दो दिन तक कर सकेंगे जलाभिषेक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर और श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि इस वर्ष महाशिवरात्रि महापर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा। हालांकि, इस बार एक विशेष योग बनने के कारण शिव चौदस का जलाभिषेक श्रद्धालु दो दिन तक कर सकेंगे। महंत नारायण गिरि महाराज के अनुसार चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11:08 बजे शुरू होगी और 27 फरवरी को सुबह 8:54 बजे समाप्त होगी। ऐसे में भक्त 26 और 27 फरवरी, दोनों दिन भगवान शिव का जलाभिषेक कर सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि महाशिवरात्रि का मुख्य पर्व 26 फरवरी को ही मनाया जाएगा, क्योंकि हिंदू धर्म में व्रत-त्योहार उदया तिथि के आधार पर मनाने की परंपरा है, लेकिन शिवरात्रि की पूजा और जलाभिषेक रात्रि में किए जाते हैं। महंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल धार्मिक या आध्यात्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। इस रात में उत्तरी गोलार्द्ध की स्थिति कुछ ऐसी होती है कि मानव शरीर के भीतर की ऊर्जा स्वाभाविक रूप से ऊपर ब्रह्मांड की ओर प्रवाहित होती है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति रीढ़ को सीधा रखकर ध्यान मुद्रा में बैठता है या मंत्रोच्चारण करता है, तो उसे इस ऊर्जा का अधिकतम लाभ मिलता है। इससे बल, आत्मविश्वास और मानसिक शांति में वृद्धि होती है। सनातन धर्म और पुराणों के अनुसार, महाशिवरात्रि पर मंदिरों में जलाभिषेक करने से सभी संकट और कष्ट दूर होते हैं, तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस पर्व पर भगवान शिव का व्रत रखकर, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और विशेष पूजा-अर्चना करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इसी कारण महाशिवरात्रि के दिन मंदिरों में लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस बार, विशेष संयोग के कारण श्रद्धालुओं को दो दिनों तक जलाभिषेक करने का अवसर मिलेगा, जिससे यह महाशिवरात्रि और भी शुभ और फलदायी हो जाएगी।

## रालोद कार्यकर्ताओं ने रामकृष्ण सिंह पटेल का स्वागत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। आगमन पर राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ श्री रामकृष्ण सिंह पटेल (सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग, उत्तर प्रदेश) का जिलाध्यक्ष गाजियाबाद किसान प्रकोष्ठ चौ० तेजबीर डबाना के नेतृत्व में युवा राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष ने बस स्टैंड स्थित चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर चौधरी साहब के दिखाए रास्तों पर चलने का प्रण लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा उन्होंने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह व चौधरी अजीत सिंह के नेतृत्व में भी काम किया है व उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त किया है और उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए किसानों मजदूरों की हर समस्या का समाधान करने का प्रण लिया है। इस मौके पर सत्येंद्र तोमर, राम भरोसे लाल मौर्य प्रदेश सचिव राष्ट्रीय लोकदल (सदस्य दूरसंचार सलाहकार समिति भारत सरकार), सुमन चौधरी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अरुण दहिया जिला अध्यक्ष प्रोफेसर प्रकोष्ठ अजीत खंजरपुर विधानसभा अध्यक्ष विपिन गोलियां जिला महासचिव प्रदीप चौधरी जिला सचिव शमशेर खान जिला सचिव अवधेश शर्मा नगर अध्यक्ष सतीश राठी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश चौधरी नागेंद्र चौधरी हंसराज यादव गजेंद्र फौजी राजेंद्र चौधरी आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सभी परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा को एक उत्सव के रूप में लें और बिना किसी दबाव के परीक्षा दें: डॉ एस सी अग्रवाल



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के छात्रों का विदाई व आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया प्रधानाचार्य डॉ एस सी अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष हमारे विद्यालय के हाई स्कूल में 723 व इटर में 798 परीक्षार्थी पंजीकृत है। बोर्ड परीक्षार्थियों को सफलता के अनेक टिप्स दिए गए। प्रधानाचार्य ,सतीश चंद्र अग्रवाल ने छात्रों के सुखद उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह अपने जीवन में परिश्रम इमानदारी विनम्रता लगन लक्ष्य के प्रति दृढ़संकलल्पि बनें जीवन में समय सर्वाधिक मूल्यवान है । हर हाल में हम समय के पाबंद बनें। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने इस अवसर पर सभी छात्रों के सामने अपने पढ़ाई के अनुभव पढ़ाई के तरीके सभी के सामने साझा किये । इंटर के मेधावी छात्र आराध्य अग्रवाल, अवनीश कुमार, ध्रुव शर्मा कुणाल और तरुण मित्तल हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले मेधावी छात्र हर्षित गोयल को स्वयं प्रधानचार्य व वरिष्ठ शिक्षक तेजपाल सिंह और राजकुमार सिंह, प्रवीण जैनर राजीव वर्मा ने उनका प्रवेश पत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया और उन्हें जनपद स्तर पर ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा दी। डॉक्टर एस सी अग्रवाल ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार शर्मा और सह जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार पांडे के विशेष आग्रह पर और छात्रों के हित और मानवीय दृष्टिकोण को सर्वोपरि मानते हुए और उनके अभिभावकों के द्वारा अपनी घोर लापरवाही पर गलती स्वीकार करने पर कम उपस्थिति वाले लगभग 50 छात्रों को कल शाम प्रवेश पत्र प्रदान कर दिए गए। इससे विद्यालय के परीक्षाफल पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसको दरकिनार करते हुए विद्यालय प्रशासन ने छात्र हित को सर्वोपरि माना।



## वरिष्ठ समाजसेवी विनोद माहेश्वरी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**मोदीनगर**। वरिष्ठ समाजसेवी एवं टीआरएम पब्लिक स्कूल के चेयरमैन विनोद कुमार माहेश्वरी की 79 वीं जयंती पर पत्रकारों द्वारा उनको बुके भेंट कर जन्मदिन की बधाई तथा बेहतर स्वास्थ्य और लंबी उम्र की ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुभाष चन्द्र शर्मा, अनिल वशिष्ठ, अय्यूब खान व ओमप्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

## स्वर्णकार समाज के शपथ ग्रहण में जुटे सैकड़ों स्वर्णकार रत्न

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**। स्वर्णकार समाज मोदीनगर का रविवार को शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से मनाया गया। राज्यसभा सांसद ने अध्यक्ष सहित समस्त मंत्री मंडल को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए समाज को संगठित व एक सूत्र में बधंने की सीख दी। मुल्तानीमल मोदी पी0जी0 कॉलिज के सभागर में स्वर्णकार समाज के आयोजित हुये शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से समाज के आदि पुरूष अजमीढ़ जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा, राज्यसभा सांसद डॉ0 प्रदीप वर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी व पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने संयुक्त रूप से संस्था के अध्यक्ष मोहित सोनी व मंत्री मंडल के सभी सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ ने संगठन को एक सूत्र में बंधने व जागरूकता का संदेश दिया। डॉ0 प्रदीप वर्मा ने संगठन की शक्तियों तथा एकता पर बल देते हुये सगठन के विस्तार व सामाजिक उत्थान की बात कही। कैलाश सोनी ने अपने अनुभवों को शेयर करते हुये कहा कि संगठन में ही शक्ति निहित है हमें संगठन के कार्यों व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुये कार्य करने होंगे। पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने स्वर्णकार समाज को पालिका की और से समाज के बच्चों के विवाह व अन्य कार्यक्रमों के मद्देनजर एक धर्मशाला शीघ्र ही सौपे जाने का वचन दिया, और कहा कि वह हर संभव समाज के हितार्थ कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों को महाराज अजमीढ़ जी सम्मान व शॉल भेटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व मुल्तानीमंल पी0जी0 कॉलिज परिसर गेट पर अतिथियों ने अजमीढ़ जी महाराज के नाम से त्रिवेणी वृक्ष भी रोपा। इस दौरान एमएलसी जीवन कुमार वर्मा, जल शक्ति राज्यमंत्री के नीजी सचिव सुभाष सोनी, नीजी सचिव केन्द्रीय कानूनी मंत्री डॉ0 राजीव वर्मा, एसीपी अक्षय वर्मा, महेश वर्मा (डायमंड वाले) आदित्य बिरला समूह के अध्यक्ष डॉ0 विनोद वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा, पूर्व पार्षद सत्यम भारतीय सोनी, पार्षद दीपक वर्मा, सभासद दुष्यत सोनी, राकेश शास्त्री, राजन वर्मा, सुरेश चन्द्र सोनी, पूर्व सभासद रवि वर्मा, मोंटी वर्मा, ऋषिपाल वर्मा, परमात्मा शरण वर्मा हर्षित वर्मा, विकास सोनी, सुंदर लाल सोनी, धीरज सोनी, व्यापारी नेता महेष तायल, अमित गोयल, विकास भारती, विष्णु वर्मा, अंकित वर्मा, एड0 जितेन्द्र वर्मा, सौरभ सोनी आदि सैकड़ों स्वर्णकार समाज की नामचीन हस्तिया मौजूद रही। मंच का संचालन अरूण वर्मा व मनोज सोनी ने संयुक्त रूप से किया।

## विवेकानंद एकेडमी में नॉलिज फेस्ट का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। विवेकानंद एकेडमी, गोविंदपुरी, मोदीनगर में छात्रों के सांस्कृतिक व बौद्धिक उत्थान के लिए नॉलिज फेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभीन्न नाट्य प्रस्तुति द्वारा समाज की विभिन्न समस्याओं को उठाया गया। जिसमें जल ही जीवन है पानी बचाओ, सोशल मीडिया का बचपन पर कुप्रभाव व नशा नाश की जड़ जैसी समस्याओं को छात्रों की नाट्य प्रस्तुति द्वारा दशार्या गया। फेस्ट के अंत मे छात्रों व स्टाफ सदस्यों ने बुद्धि-शुद्धि यज्ञ में गायत्री मन्त्रो द्वारा आहुति दी। प्रधानाचार्य पूनम राणा ने छात्रों के सम्पूर्ण मानसिक व शारीरिक विकास के लिए किताबी पढ़ाई के साथ साथ नैतिक शिक्षा कार्यक्रम के सम्पन्न होने पर एकेडमी की शिक्षिकाओं बिंदु शर्मा, स्वाति शर्मा, कोमल शर्मा, श्वेता नगगरवाल, पूजा गुप्ता, वर्षा कांडपाल, बरखा उपाध्याय, निशा ठाकुर, रीता जी व गुंजन त्यागी की बहुत बहुत सराहना की व छात्रों को वार्षिक परीक्षा के लिए शुभकामना संदेश दिया।

## मुख्य सड़कों पर पहुंचा साप्ताहिक बाजार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिले में लगने वाले साप्ताहिक बाजार अब शायद बेलगाम होते जा रहे हैं। नगर निगम और टाउन वेंडिंग कमेटी सड़क पर लगने वाले बाजारों के लिए एक सही स्थान तलाशने की कोशिश कर रही है, वही बाजार लगाने की जगह अभी सुनिश्चित नहीं हो पाई है जो बाजार जहां लग रहे थे यथावत इस स्थिति में कायम है। मुख्य सचिव के आदेश के बाद जहां पुलिस प्रशासन ने इस मामले से अपने हाथ खींच लिए हैं वहीं इसका फायदा उठाते हुए रेहड़ी पटरी वाले अब बेलगाम हो चुके हैं। पुराने शहर गाजियाबाद के गंदा नाला क्षेत्र में लगने वाले रविवार बाजार की। बाजार जो गंदा नाला क्षेत्र में लगा करता था अब वह धीरे-धीरे नई बस्ती क्षेत्र व जीटी रोड की मुख्य सड़क तक अपने पैर पसार चुका है दुकान पटरिया जो पहले अंदर की तरफ लगा करती थी अब वह मुख्य सड़क की तरफ कुछ कर चुकी है।

अब यह देखना है कि नगर निगम व टाउन वेंडिंग कमेटी जिले में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों के लिए जगह ढूंढ पाएगी या नहीं पिछले सप्ताह देखा गया था कि विजयनगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के लिए मुख्य सड़क पर पीली पट्टी खींचकर उनका स्थान सुनिश्चित किया गया था।

## उत्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित कैलीग्राफी प्रतियोगिता में बेटियों ने दिखाया हुनर

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं के लिए उत्थान फाउंडेशन द्वारा एक विशेष कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मोदीनगर की गोविंदपुरी कॉलोनी के एक कॉलेज में आयोजित किया गया। वहाँ बड़ी संख्या में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल छात्राओं की लेखन कला को बढ़ावा देना था, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी विकसित करना था। उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव, डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कई छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने बेहतरीन सुलेख कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने यह भी बताया कि की कैलीग्राफी उनके प्रोजेक्ट बढ़ते कदम के अंतर्गत लक्षिता मल्होत्रा द्वारा सिखाई गई थी और इस प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक की भूमिका प्रसिद्ध आर्टिस्ट कविता गोयल ने निभाई। प्रतियोगिता में तीन विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की छ्वी सक्सेना, द्वितीय स्थान पर विवेकानंद स्कूल की लक्ष्मी और तृतीय स्थान पर विवेकानंद स्कूल की कीर्ति रही। इन विजेताओं ने अपनी उत्कृष्ट सुलेख प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। संस्था की सदस्या ज्योति रानी ने बताया की कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनकी मेहनत और लगन को सराहा गया। इस आयोजन में शिक्षिका अलका चौधरी और कविता गुप्ता की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने न केवल प्रतियोगिता के संचालन में सहयोग दिया, बल्कि उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करने और उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति को निखारने में भी सहायता की। शिक्षकों ने प्रतियोगिता से पहले विशेष प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं को सुलेख के महत्व और इसकी तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण से छात्राओं को नई ऊर्जा मिली और उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ. सोनिका जैन ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ छात्राओं के आत्म-निर्भरता और आत्म-विश्वास को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

## अवैध निर्माण के आरोप में महिला समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर

**गाजियाबाद**। इंदिरापुरम थाने में अवैध निर्माण के आरोप में महिला समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किए निर्माण को तोडे के बाद दोबारा निर्माण कराने के आरोप में आवास एवं विकास परिषद की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। परिषद के अवर अभियंता प्रभाकर झा ने तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि वसुंधरा सेक्टर पांच स्थित रमेश कुमार बुद्धिराजा के भूखंड पर अवैध निर्माण किया गया था। इसे पिछले साल ध्वस्त भी किया था, लेकिन अब फिर से अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह सेक्टर पांच में ही पुनित, राजू और मीनाक्षी के भूखंड पर भी नक्शे के विपरीत किए निर्माण को तोड़ा था।

## शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 18.69 लाख रुपये की ठगी

**गाजियाबाद**। साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को ट्रेडिंग खाता खोलकर शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 18.69 लाख रुपये ठग लिए। शातिरों ने कई खातों में रकम ट्रांसफर की। ठगी का ऐहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, श्याम पार्क एक्सटेंशन के रहने वाले नवीत राज ने शिकायत दी है कि छह जनवरी को उनके मोबाइल पर राहुल पटेल नामक व्यक्ति ने फोन किया। उसने कहा कि उनकी कंपनी शेयर मार्केट में सलाह देने का काम करती है, जिससे लोगों को बड़ा मुनाफा होता है। इसके बदले कंपनी केवल 20 फीसदी कमीशन लेती है। फिर शातिर राहुल पटेल ने अपना सीनियर बताकर अजय पटेल नाम के व्यक्ति से बात कराने की बात कही।

## यति नरसिंहानंद महाराज ने दूधेश्वर नाथ मठ पहुंचकर लिया आशीर्वाद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। डासना महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज रविवार को अपने रक्तपत्र को लेकर समर्थन और आशीर्वाद मांगने दूधेश्वर मठ गए। जहां उन्होंने अपने साथियों के साथ महंत नारायण गिरी महाराज से समर्थन और आशीर्वाद मांगा। नरसिंहानंद ने पत्र डॉ उदिता त्यागी से अपने रक्त से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए लिखवाया है। यह रक्त पत्र एक लाख हस्ताक्षरो के साथ डॉ उदिता त्यागी व अन्य साथी योगी आदित्यनाथ महाराज को उनके जनता दरबार में दे कर आयेंगे। दूधेश्वर नाथ मठ में दिल्ली संत महामंडल की सम्पूर्ण कार्यकारिणी ने इस अभियान का स्वागत व समर्थन किया और हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष वर्तमान में महंत नारायण गिरी हैं। इस अवसर पर उनके साथ दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय महामंत्री महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज, कोषाध्यक्ष श्रीमहंत धीरेन्द्र पुरी महाराज, महामंडलेश्वर शिवचंद्रानंद गिरी, महंत मंगलदास, आचार्य अच्युतानंद और अन्य संत उपस्थित थे।



## सड़क दुर्घटना में घायल ई रिक्शा चालक की मौत पर परिजनों ने थाने पर किया हंगामा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर** । बीते दिनों ई रिक्शा चालक व मोटरसाइकिल टक्कर होने के कारण घायल ई रिक्शा चालक पप्पू उम्र 38 वर्ष की मृत्यु को जाने से परिजनों ने सैकड़ों लोगों के साथ मोदीनगर थाने पहुंचकर शव को सड़क पर रखकर हंगामा किया। परिजन मोटरसाइकिल सवार लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रशांत त्यागी ने जैसे तैसे परिजनों को समझा बुझाकर घर लौटाया। मृतक पप्पू ई रिक्शा चलाने का कार्य करता था। जिसका बीते दिनों मोटरसाइकिल से एक्सीडेंट हो गया था। उपचार के दौरान ई रिक्शा चालक की मौत हो गई।

# श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर बैरिकेडिंग और कंट्रोल रूम की व्यवस्था

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महाशिवरात्रि महापर्व को लेकर नगर निगम ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के बाहर बैरिकेडिंग करने के साथ-साथ एक कंट्रोल रूम स्थापित करने का फैसला किया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम की टीम साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने में जुटी हुई है। मंदिर के आगे और पिछले हिस्से में बैरिकेडिंग कराई गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैरिकेडिंग बांस और रस्सियों की मदद से एक फीट गहराई तक खुदाई करके लगाई गई है। मंदिर प्रांगण से एमजी रोड तक 400 मीटर और पिछले भाग में 300 मीटर तक बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय कर भीड़ प्रबंधन की तैयारी की जा रही है। महाशिवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए नगर निगम का कंट्रोल रूम भी मंदिर परिसर में स्थापित किया जाएगा। पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं दी जा सकें। भारी भीड़ को देखते हुए यातायात और पार्किंग व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जा रहा है। मंदिर से निकलने वाली पूजन सामग्री को उठाने के लिए वाहनों की भी विशेष व्यवस्था होगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि नगर निगम का हर विभाग महाशिवरात्रि पर्व की व्यवस्थाओं में जुटा हुआ है। शहर के अन्य मंदिरों और शिवालयों के बाहर भी सफाई, रोशनी और जल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है, ऐसे में नगर निगम और पुलिस प्रशासन मिलकर व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर सहित अन्य शिवालयों के बाहर साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को मजबूत किया गया है।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर नगर निगम का एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है, जहां से पूरी व्यवस्था की निगरानी की जाएगी।

## ऑटो सवार बदमाशों ने दंपति के सूटकेस से गहने व नकदी किए चोरी

**गाजियाबाद।** लिंक रोड थानाक्षेत्र में ऑटो सवार बदमाशों ने दंपति के सूटकेस से गहने व नकदी चुरा ली। वैशाली सेक्टर-पांच में रहने वाले हरिशंकर गुप्ता 12 फरवरी को गोंडा स्थित गांव से लौटे थे। आनंद विहार स्टेशन से वैशाली के लिए पत्नी के साथ ऑटो में बैठे।

ईडीएम मॉल के पास क्लच का तार टूटने की बात कह चालक ने उन्हें दूसरे ऑटो में बैठा दिया। इसमें पहले से कई सवारी बैठी थीं। घर पहुंचकर सूटकेस खोला तो इसमें रखी सोने की अंगूठी, चेन, दो झुमकी और 12 हजार रुपये गायब थे। पीड़ित के मुताबिक सूटकेस का ताला पहले की भांति लगा था और इसको कहीं से काटा भी नहीं गया। इसके बाद भी गहने व नकदी चोरी हो गए। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं। पहचान कर बदमाशों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# गाजियाबाद के प्रांगण में करियर मार्गदर्शन के तहत करियर मेले का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आज दिनांक 22 .02 .2025 को पी .एम .श्री .कंपोजिट विद्यालय मोरटी ,विकास क्षेत्र - रजापुर गाजियाबाद के प्रांगण में करियर मार्गदर्शन के तहत करियर मेले का आयोजन किया गया । मेले का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रजापुर गाजियाबाद - श्रीमती कविता चौहान द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया गया । करियर मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य के करियर विकल्पों की जानकारी देना और सही दिशा में छात्रों की रुचि और क्षमताओं के अनुसार करना था। साथ ही साथ बच्चों के करियर निर्णय में सहयोग के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया।

छात्रों को विभिन्न पेशेवरों से संवाद और अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान किया गया जिसके अंतर्गत चार्टर्ड अकाउंटेंट - श्री रविंद्र राणा ,इंजीनियर - श्री रिकेश त्यागी ,इंस्पेक्टर - श्रीमती किरण ,डॉक्टर - रिचा अग्रवाल, इंस्पेक्टर - मनीष कुमार ने अपने-अपने पेशे से संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान कर करियर से संबंधित जिज्ञासा और प्रश्नों का उत्तर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी रजापुर - श्रीमती कविता चौहान ने सफलता में लक्षण निर्धारण व समय प्रबंधन की अहम भूमिका के विषय में विस्तार से बताया। मंच का संचालन श्रीमती मधु त्यागी द्वारा किया गया । मेले में छात्र-छात्राओं ने व्यवसाय से संबंधित स्टाल लगाए। करियर मेले में अभिभावकों ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया । इस अवसर पर अर्चना पंवार, राजबाला पटेल, अंजलि अग्निहोत्री, सीमा शर्मा, मधु सिंह, मीनू त्यागी ,सुनीता सिंह, अनीता पाल, प्रवीण पाल व भूषण कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया ।

## सेवी विला डे सोसाइटी AOA का चुनाव हुआ संपन्न, निवर्तमान AOA के ग्रुप ने फिर से लहराया परचम, चौथी बार प्रचंड जीत की दर्ज



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित सेवी विला डे सोसाइटी में आज AOA का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया जिला मलेरिया अधिकारी श्री ज्ञानेंद्र मिश्रा एवं प्रशासनिक टीम की निगरानी में संपन्न हुई। जिला मलेरिया अधिकारी श्री ज्ञानेंद्र मिश्रा ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मतगणना के परिणाम को सोसाइटी में भरी सभा के बीच ऊंचे स्वर में अनाउंस किया और सभी बैलेट सील कर प्रशानिक कब्जे में ले लिया। इस चुनाव में पुरानी अडअ के पैनल ने एक बार फिर से परचम लहराते हुए बहुमत हासिल किया। पुरानी AOA के ग्रुप-बी से आठ सदस्यों ने जीत हासिल की जबकि विपक्षी ग्रुप ए से मात्र दो सदस्य ही जीत सके। अब जीते हुए सदस्य अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सेक्रेटरी एवं कोषाध्यक्ष जैसे पदों का मनोनयन करेंगे। चुनाव में ग्रुप बी से निवेदिता बनर्जी (199 वोट) अनामिका महतो (197 वोट ), महेश कुमार यादव (195 वोट ), मीना बनूनी (190 वोट ), कंवरजीत सिंह (187 वोट ) आकाश मोहन अग्रवाल (185 वोट ), हेमंत कुमार (182 वोट ) और विश्वदीप शर्मा (181 वोट ) ने जीत हासिल की। उधर ग्रुप ए से पवन कुमार सिंह (181 वोट ) और गरिमा सिंह (176 वोट ) ने जीत हासिल की।

## सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता को मिली धमकी

**गाजियाबाद।** विजयनगर के सेक्टर नौ निवासी सुरेश चंद बहनीवाल उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड से अधिशासी अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने थाने में शिकायत दी है कि 13 फरवरी को लैंडक्राफ्ट सोसाइटी में रहने वाले प्रवीण कुमार ने अपने पिताजी के मोबाइल से उन्हें फोन कर हत्या की धमकी दी। उनके आवास में जबरदस्ती हिस्सा लेने और अन्य को दिलवाने की बात कही। एसीपी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने रविंद्र शर्मा





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने रविंद्र शर्मा को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव देश की एकता, अखण्डता, वैदिक, संस्कृति, साहित्यक, सामाजिक, धार्मिक परम्पराओं तथा देश को समृद्धशाली बनाने में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। इतिहास साक्षी है कि ब्राह्मण सर्वे भवन्तु सुखिनः१ तथा विश्व के प्राणी मात्र के कल्याण की कामना करने वाला एवं भारतीय सस्कृति का पोषक व प्रजातंत्र का रक्षक रहा है । भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति में भी ब्राह्मणों के बलिदान का एक पृथक वर्चस्व रहा है। ब्राह्मण समाज की ऐतिहासिक व सामाजिक प्रतिष्ठा को निरंतर बनाये रखने हेतू आचार्य चाणक्य जी के सिद्धांतो एव महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी के संस्कारो से प्ररित विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा पंजी. आपसे अपेक्षा है, कि संगठन के मूल उद्देश्यो को साकार रूप देने हेतु इस महान अभियान में सहयोग प्रदान करेंगे । आप की समाज के प्रति जागरूकता एवं सक्रियता एवं कर्मठता की दृष्टिगत करते हुए आप को विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा पंजी. मे पंडित रविंद्र शर्मा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया है हमे आशा ही नही बल्कि पूर्ण विश्वास भी है विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा पंजी. के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा उद्देश्यों की पूर्ति एवं आजीवन सदस्य बनाने में अपना अतुलनीय योगदान देते हुए आप महासभा को सशक्त सम्बल प्रदान करेंगे तथा विप्र समाज के संगठन के हितों की रक्षा में पूर्ण समर्पण भावना से हमारा सहयोग करेंगे । एवं समय समय पर अपने द्वारा महासभा के लिए किये गये कार्यो की प्रगती की सूचना से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराते रहेंगे। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संस्थापक कार्यकारी अध्यक्ष महेश शर्मा, संस्थापक उपाध्यक्ष आरसी शर्मा, कपिल शर्मा संगठन मंत्री, महासचिव सुभाष शर्मा, डॉ देवेंद्र शर्मा संगठन मंत्री, महिला शक्ति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा भार्गव, राष्ट्रीय महासचिव महिला प्रकोष्ठ मधु शर्मा, संगठन मंत्री शिवकुमार शर्मा, अशोक शर्मा, सुनील शर्मा, संगठन मंत्री, विनीत कुमार शर्मा, देवाशीष ओझा उपाध्यक्ष, ऋषि पाल शर्मा उपाध्यक्ष,मौजूद थे।



# सरदार मनिंदरजीत सिंह सिरसा को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रविवार को गाजियाबाद से सिख समाज का एक सम्मानित डेलिगेशन दिल्ली पहुंचा, जहां उन्होंने दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए सरदार मनिंदरजीत सिंह सिरसा को बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। यह अवसर समाज के लिए अत्यधिक हर्ष और खुशी का था, क्योंकि यह जीत सिख समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। सिख समाज ने इस अवसर पर सरदार मनिंदरजीत सिंह सिरसा को सम्मानित करते हुए उन्हें कृपाण भेंट की, साथ ही फूलों का गुलदस्ता और शाल उड़ाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। फूल माला पहनाकर खुशी का इजहार किया गया और सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मुंह मीठा भी कराया। इस दौरान दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव जास्मीन सिंह नोनी, इंद्रजीत सिंह टीटू (प्रधान, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा), एसपी सिंह ओबेरॉय (महामंत्री, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा), सरदार जगमोहन सिंह (प्रधान, गुरुद्वारा गांधीनगर), भूपेंद्र सिंह कालरा (प्रधान, गुरुद्वारा सी ब्लॉक कवि नगर), जसबीर सिंह सलूजा (पाली वीर), और हरविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।







# महाशिव रात्रि पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी कविनगर आश्रम द्वारा निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

वेलकम इंडिया









**गाजियाबाद।** आध्यात्मिकता स्वयं की रुचि, पुरुषार्थ और लगन से ही संभव है। आत्मा में सत्य से शक्ति आती है। इस विद्यालय में आत्मा को सुंदर, पवित्र बनाने की शिक्षा दी जाती है। हम हर एक अपने जीवन के मालिक बनें। योगी बनना अर्थात योग्य बनना। भगवान के बच्चे कहलाने लायक बनना। खुद के जीवन को सुधार कर दूसरों के लिए शुभभावना रखें। राज योगिनी ब्रह्माकुमारी राजेश दीदी ने कहा ह्यहम ईश्वर के बच्चे हैंह्व इस स्वमान में रहने की जरूरत है। आज हम हर बात को विज्ञान की कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही अपनाते हैं तो धर्म के मामले में अंधश्रद्धा क्यों? जहां सत्य ज्ञान है वहां पवित्रता है और स्वच्छता है।

शास्त्रों में वर्णित धर्म की अतिग्लानि का यह समय है। इस समय ही स्वयं परमपिता परमात्मा आकर मानव को फिर से देव बनने की शिक्षा देते हैं। यदि हम पवित्र बनें तो इस भूमि पर स्वर्ग आने में देरी नहीं लगेगी। राज योगिनी ब्रह्माकुमारी राजेश दीदी ने कहा वर्तमान समय कलियुग का अंतिम चरण चल रहा है। यह सारा काल, रात्रि अथवा महारात्रि ही है। हम सभी नर-नारियों को यह शुभ संदेश देना चाहते हैं कि अब परमपिता परमात्मा शिव संसार को पावन तथा सुखी बनाने के लिए फिर से प्रजापिता ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर सहज राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। अतः हम सबका कर्तव्य है कि उनकी आज्ञानुसार हम पवित्रता और शुद्धता का पालन करें और शिव के अर्पण होकर संसार की ज्ञान से सेवा करे। वास्तव में यही सच्चा पाशुपत व्रत है। इसका फल मुक्ति और जीवन-मुक्ति की प्राप्ति माना गया है। अब मनुष्यों को चाहिए कि विकारों रूपी विष से नाता तोड़कर परमात्मा शिव से अपना नाता जोड़े। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा सृष्टि का शाश्वत नियम है कि कोई भी चीज हमेशा अपने मूल स्वरूप में नहीं रहती है। बदलाव या परिवर्तन प्रकृति का नियम है। जैसे-दिन के बाद रात और रात के बाद दिन का आना तय है, उसी तरह सृष्टि चक्र में सतयुग के बाद त्रेतायुग, द्वापरयुग और फिर कलियुग क्रम से आना तय है। चाहे प्रकृति का बिगड़ता संतुलन हो या समाज से विलुप्त होती मानवीय संवेदनाएं और गिरता नैतिक चरित्र, कहीं न कहीं विश्व परिवर्तन का स्पष्ट इशारा कर रही हैं। समय रहते इसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। क्योंकि यह बदलाव ईश्वरीय संविधान का हिस्सा है, जो मानव के हित में है। धर्मग्लानि के जो चिंह्न शास्त्रों में बताए गए हैं, वर्तमान में दुनिया की स्थिति उससे भी दयनीय और गंभीर हो गई है। मनुष्य का नैतिक और चारित्रिक रूप से इतना पतन हो चुका है कि ऐसे कार्यों का तो शास्त्रों, वेद-ग्रंथों तक में उल्लेख नहीं है। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पूर्व विधायक कृष्ण वीर चौधरी ने कहा सृष्टि के आदि में प्रकृति अपने मूल स्वरूप में थी। सतोप्रधान थी। हर तत्व सुखदायी था। समय के साथ प्रकृति भी बदलती गई। उसके पांचों तत्वों में मानवीय दोहन से विकृत होना शुरू हो गया। आज असमय ही बाढ़, भूकंप, तूफान, आगजनी आम बात हो गई है। ये सभी बातें प्रकृति के बदलाव अर्थात परिवर्तन की ओर संकेत कर रही है। संहार के बाद नवसृजन सृष्टि चक्र का नियम है।

